हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 19 मई 2025



### मिलर्स के साथ ही संग्रहण केंद्र प्रभारी भी परेशान, समाधान की मांग

# उठाव में सूखत बनी समस्या, हर बोरे में किलोभर धान की कमी से एंट्री अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अतिरिक्त धान की ऑनलाइन नीलामी के जरिए बिक्री तो सरकार द्वारा कर ली गई है, लेकिन उठाव के दौरान अब धान लेने वाले मिलर्स और संग्रहण केंद्र के कर्मचारियों की दिक्कतें ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के कारण बढ़ गई है। सॉफ्टवेयर के अनुसार हर बोरे में 40 किलो के अनुसार एंट्री होनी है, परन्तु पिछले चार महिने से डंप पड़े रहने के चलते हर बोरी में किलोभर तक सूखत आ गया है। ऐसे में बराबर वजन तौल करने पर नहीं आ रहा है, जिसके चलते एंट्री नहीं हो पा रही है। खास बात यह है कि ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई दिशा निर्देश भी शासन स्तर से जारी नहीं हुए है। जिसके चलते दिक्कतें और बढ़ गई है।

मिली जानकारी के अनुसार संग्रहण केंद्रों में धान उठाव के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के जरिए काम होता है। इसमें क्रेता यानी मिलर्स को धान का टोकन जारी करने पर प्रति बोरा 40 किलो वजन का प्रावधान किया गया है, लेकिन धान के स्टेक में सुखत के कारण प्रति बोरा 40 किलो से कम वजन आ रहा है। औसतन देखा जाए तो जहां प्रत्येक स्टेक की 3000 बोरी में 40 किलो वजन के औसत से 1200 क्विंटल धान होना चाहिए, सूखत की वजह से वजन 50 से 80 किलो तक कम आ रहा है। ऐसे में क्रेता को जारी धन का ट्रक पंजीयन नहीं हो पा रहा है। क्रेता एवं मिलर को जारी धान के तौल बाद वजन का प्रविष्टि भी नहीं हो पा रहा है। इसके लिए किसी प्रकार का प्रावधान एवं दिशा निर्देश नहीं दिया गया है। ऐसे में उच्च कार्यालय के मौखिक आदेशानुसार जिलों से सैकड़ों ट्रक धान बिना किसी ऑनलाइन रिकॉर्ड के प्रदाय किया जा चुका है, बिना किसी रिकॉर्ड के धान प्रदान किए जाने पर क्रेता एवं मिलर शासन को लंबा चूना लगा सकते हैं।

**खास बातें**

- हर एक स्टैक में 12 सौ क्विंटल धान, 50 से 70 किलो सूखत
- स्टैक मिलने के बाद भी मिलर्स नहीं कर पा रहे उठाव, विभाग से स्थिति सुधारने की रखी मांग
- अविभाजित जिले में उठाव की स्थिती कमजोर, प्रशासन भी चिंतित



### दो जिलों में इतना धान डंप

*राजनांदगांव जिले में कुल छह संग्रहण केंद्र है, जिनमें कुल 527289.35 क्विंटल धान रखा हुआ है। संग्रहण केंद्रवार आंकड़े देखे तो सिंघोला में 315529.84 क्विंटल, सेवताटोला में 462973.95 क्विंटल, बीजाभाठा में 527289.35 क्विंटल, कालकासा में 343438.25 क्विंटल घुमका (पटेवा) में 95840.92 क्विंटल धान है। ऐसे ही केसीजी जिले के चार धान संग्रहण केंद्रों में कुल 1675664.29 क्विंटल धान के स्टाक का भंडारण किया गया है। जिनमें घोटिया में 822379.01 क्विंटल, ठेलकाडीह में 289733.42 क्विंटल, भोथी मैं 278376.66 क्विंटल और मदूराकुही में 285175. 20 क्विंटल धान शामिल है।*

### तकनीकी समस्या बना दिक्कत

*दोनों ही जिलों के संग्रहण केंद्रों में डंप पड़े धान को मार्कफेड रायपुर द्वारा ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के तहत मिलर्स को आवंटित कर दिया गया है। अब अलॉटेड रैक के अनुसार मिलर के माध्यम से धन उठाव किया जाना है। इसके लिए मार्कफेड मुख्यालय रायपुर द्वारा क्रेता एवं मिलर को डिलीवरी आर्डर भी जारी किया गया है, किंतु संग्रहण केंद्र प्रभारी कर्मचारी एवं ऑपरेटर के प्रशिक्षण के अभाव एवं संग्रहण केंद्रों के ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में त्रुटि के चलते क्रेता एवं मिलर को दिए गए धान का रिकॉर्ड ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर दर्ज नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते उठाव में दिक्कत आ रही है।*

### गेट पास नहीं मिल रहा, मिलर्स नाराज

मिली जानकारी के अनुसार दोनों जिलों के संग्रहण केंद्रों से सैकड़ों ट्रक धान बिना किसी रिकॉर्ड के प्रदाय किया जा चुका है।जबकि राईस मिलर्स के ट्रक संग्रहण केंद्र में पहुंचने पर ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के जरिए गेट पास स्कैन नहीं होने एवं डाटा दर्ज नहीं होने के चलते उन्हें संग्रहण केंद्रों से वापस लौटाया जा रहे है। जिससे मिलर्स में भी नाराजगी है, मिलर्स ने इस मामले को लेकर जिला विपणन अधिकारी से समस्या का समाधान करने कहा है।

# नौतपा से पहले बरसेंगे बादल, अगले पांच दिन बेमौसम बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पिछले दो दिनों से मौसम में आए बदलाव का दौर आगे भी जारी रहने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों के बाद 20 मई से प्रदेश में बारिश की संभावनाएं और बढ़ जाएगी। ऐसे में नौतपा से ठीक पहले अंचल में बारिश देखने को मिल सकती है। ज्ञात हो पिछले दो दिनों में जिले के भीतर डेढ़ इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। बदलाव के चलते अंचल में अधिकतम तापमान भी 38 डिग्री से नीचे आ गया है।

इधर मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मानसून दक्षिण अरब सागर, मालदीव और कोमोरिन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान द्वीप के शेष हिस्से, अंडमान सागर और मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में अगले एक दो दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ 61 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में मध्य क्षोभमंडल में स्थित है। एक द्रोणिका मध्य पंजाब से उत्तर बांग्लादेश तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका पश्चिमी विदर्भ से उत्तर अंदरूनी कर्नाटक तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 19 मई को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 20 मई से वर्षा की गतिविधियों में और इजाफा होने के संकेत मिले है।




### पानाबरस व आमाटोला में समाधान शिविर आज

**मोहला।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 19 मई को जनपद पंचायत मानपुर के ग्राम पंचायत पानाबरस और जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत आमाटोला में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न योजनाओं से अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने ग्रामीणजनों को शिविर में उपस्थित होने अपील की है।

**माय एंगल**




# जमीन विवादः घर में घुसे नकाबपोश तोड़फोड़ के साथ की हवाई फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी में आधी रात जमीन विवाद के चलते चार नकाबपोशों ने एक घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। इस बीच पिस्टल से हवाई फायरिंग भी आवाज भी मोहल्लेवासियों ने सुनी है। इस मामले की अभी तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि अभी तक फायरिंग के सबूत नहीं मिले है। घटना शनिवार रात करीब 12.30 बजे की है। सोमनी के गौरा चौरा के पास रहने वाले देवेंद्र क्षत्रीय के घर के बाहर चार नकाबपोश एक कार से पहुंचे। चारों ने गाली - गलौज करते हुए दरवाजा खटखटाया। लेकिन डरे हुए देवेंद्र के परिवार ने दरवाजा नहीं खोला। इस पर चारों नकाबपोशों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। घर के मुख्य दरवाजे का एक हिस्सा तोड़ दिया। इसके बाद भीतर दाखिल हो गए। बदमाशों ने घर के सामानों में भी जमकर तोड़फोड़ की है। इस बीच परिवार के सदस्यों ने छत के रास्ते से पड़ोसी के मकान में जाकर खुद की बचाई। परिवार ने दावा किया है कि तोड़फोड़ कर रहे बदमाशों ने घर में तीन से चार राउंड हवाई फायरिंग भी की है।



### जमीन विवाद का मामला कोर्ट में

देवेंद्र क्षत्रिय का जमीन को लेकर एक पक्ष से विवाद चल रहा है। मामला कोर्ट में लंबित हैं। इसे लेकर पूर्व में भी विवाद की स्थिति बनी है। घटना को जमीन विवाद से ही जोड़कर देखा जा रहा है। हालाकि घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की पहचान नहीं हो सकी है। सोमनी पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई का दावा पुलिस ने किया है। इधर सोमनी बस्ती में हुए इस घटना और फायरिंग के दावों से आसपास के लोग भी दहशत में हैं।

### फायरिंग का प्रमाण नही मिला

तोड़फोड़ की घटना हुई है। फायरिंग होने के प्रमाण नहीं मिले हैं। पीड़ित पक्ष के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- **सत्यनारायण देवांगन,** टीआई सोमनी









## खबर संक्षेप

### सांसद पांडे का किया सम्मान



**छुरिया।** सेन समाज के प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय रेस्ट हाउस में सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर शाल श्रीफल से सम्मानित किया। उन्हे गत दिनों आयोजित सेन जयंती समारोह में शामिल होना था किन्तु कतिपय कारणों से उपस्थित नहीं हो पाए थे। प्रतिनिधि मंडल ने सामाजिक भवन निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला सर्वसेन समाज के महासचिव शेखर भारद्वाज, ब्लाक अध्यक्ष विजय भारद्वाज, जगदीश सेन, चुनुराम सेन, प्रताप सेन, जयकरण सेन, विजय सेन, शाहिद सहित अन्य उपस्थित थे।

### समर कैंप का आयोजन



**जेवरतला रोड।** विद्यार्थियों का कौशल निखारने के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में समर कैंप का आयोजन किया गया है। व्याख्याता अजय पाठक ने गत दिनों विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश की आवश्यकता की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी वैश्विक भाषा है तथा उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए इंग्लिश आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को इंग्लिश में बोलचाल करने के छोटे छोटे टिप्स दिए।

### पटेवा की ढ़ालेश्वरी सम्मानित



**पटेवा।** अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव ने गत दिनों प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में पटेवा की ढ़ालेश्वरी साहू पिता निरंजन साहू को कक्षा दसवीं में 85.50 शतिशत अंक अर्जित करने पर सम्मानित किया गया।



### राजेश्वर क्लास में प्रथम

**पटेवा।** प्राथमिक शाला दर्रा के छात्र राजेश्वर साहू आ तिलेश्वर साहू ने कक्षा पांचवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता एवं शिक्षकों को दिया है।

### चैम्पियंस लीग का शुभारंभ



**पटेवा।** इरईकला में इरईकला चैम्पियन लीग सांसद ट्रॉफी का शुभारंभ 17 मई को हुआ। आगामी 25मई को इसका समापन होगा। चैम्पियन लीग में पहला इनाम एक लाख और दूसरा ईनाम 50 हजार है। क्षेत्र में आईपीएल के तर्ज पर पहली बार यह आयोजन हो रहा है। रात्रिकालीन इरईकला चैम्पियन लीग सांसद ट्रॉफी का शुभारंभ गत दिनों सरपंच ललित साहू ने किया। इस दौरान उपसरपंच श्यामलाल साहू, थानूराम साहू, लेखदास साहू, डोमारदास साहू, हिरदेराम छत्री, डाकेश्वर प्रसाद साहू, चेतन साहू, हेमंत साहू, बंशीलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, चंपालाल साहू, चंद्रकांत साहू आदि मौजूद थे।

### बच्चों ने कल्पना को केनवास पर उकेरा



**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन्स गार्डन प्ले स्कूल में आशा फ़ाउंडेशन द्वारा प्रत्येक रविवार को मस्ती की पाठशाला आयोजित की जा रही है। इस रविवार बच्चों को संस्कृति एवं कला से जोड़ते हुए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्पर्धा में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों को प्रोत्साहन देते हुए संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने सभी के प्रयास को सराहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तमन्ना साहू, तेजस कुंभकार, जानवी गुप्ता, दूसरे स्थान पर आध्या जैन, गार्गी यादव, नवयता कुंभकार, शशांक पांडे, समर गुप्ता, तीसरे स्थान पर अनंत एवं आदित्य गुप्ता रहे।

### कालेज और सड़क चौड़ीकरण की मांग



**छुरिया।** जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने गत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजनांदगांव में मुलाकात कर गैंदाटोला में महाविद्यालय खोलने की मांग की।उन्होंने कुमरदा से कल्लुबंजारी, गैंदाटोला से छुरिया, बेलरगोंदी से जोशीलमती मार्ग सड़क चौड़ीकरण की मांग की है, ताकि क्षेत्र के रहवासियों और बच्चों को सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि गैंदाटोला में महाविद्यालय खुलने से सैकड़ों गांवों के छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कल्लुबंजारी में सहकारी बैंक शाखा, महाराजपुर में हाईस्कूल खोलने की मांग को प्रमुखता के साथ रखा। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, मेयर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, कोमलसिंह राजपूत, रविन्द्र वैष्णव, चंद्रिका डडसेना, एमडी ठाकुर, सुरेंदर सिंह भाटिया, कांताप्रसाद साहू, राधेश्याम शर्मा, भेषबाई साहू, नैनसिंह पटेल, सौरभ सोमानी मौजूद थे।

### शीतल जल का वितरण



**डोंगरगढ़।** शनिवार को श्री मां बमलेश्वरी सेवा समिति ने रेलवे स्टेशन में यात्रियों को निशुल्क शीतल जल एवं स्नैक्स पैकेट वितरित किया। आयोजन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन का सहयोग रहा। स्टेशन प्रबंधक शेट्टी एवं प्रमोद यादव सीसीआई ने समिति का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। आयोजन की सराहना करते हुए समिति का आभार व्यक्त किया।इस दौरान समिति के सदस्य वीरेंद्र अग्रवाल, गिरधारी मेहडिया, मयूर भूत, कैलाश अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल एवं मनमोहन अग्रवाल उपस्थित थे।

### शहर और गांव में दिखा उत्साह, लोगों ने लगाया भारत माता का जयकारा

# निकली तिरंगा यात्रा, सैनिकों के शौर्य की सराहना







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सेना ने अपने अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए पाक पोषित आंतकियों को मुंह तोड़ दिया था। देश की सुरक्षा के लिए सेना के प्रयास की सराहना करते हुए शासन के निर्देश पर जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली समस्त ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा धूमधाम से निकाली गई।

इस अवसर पर बच्चों से लेकर बूढ़ो तक का उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीणों ने तिरंगा लहराते हुए अपनी खुशी प्रकट किया। सभी ग्राम पंचायतों में प्रातः उसी तरह की चहल पहल प्रारंभ हो गई जैसे स्वतंत्रता या गणतंत्र दिवस के दौरान देखने मिलता है। किसी ग्राम पंचायत में प्रभातफेरी की तर्ज पर तिरंगा यात्रा निकाली गई, तो किसी पंचायत में जुलूस निकाला गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण अमर साहू ने तिरंगा यात्रा की शुरूआत की। जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा गृह ग्राम पेण्ड्री में तिरंगा यात्रा में शामिल हुई। इसी प्रकार जनपद उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा बिजनापुर में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर लोगों का उत्साहवर्धन किया। जनपद सदस्य भी अपने क्षेत्रों की पंचायतों में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने ढारा एवं सीईओ ने कन्हारगांव में उपस्थिति दर्ज़ कराया।

शनिवार को नगरपालिका ने भी तिरंगा यात्रा निकाला। सैनिकों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा नगरपालिका से प्रारम्भ होकर जय स्तंभ चौक, गोलबजार, जैन मंदिर से बुधवारी रोड़, रेल्वे चौक, खंडूपारा होते हुए वापस नगरपालिका पहुंचकर समाप्त हुई। आपरेशन सिंदूर के पश्चात सैनिकों के सम्मान में निकली यात्रा में एसडीओपी आशीष कुजांम, थाना प्रभारी जितेंन्द्र वर्मा, तहसीलदार किशोर साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, शहर भाजपा अध्यक्ष जस्मितसिंग बन्नोआना, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, द्वारकाप्रसाद शर्मा, अनिल पांडे, सत्यप्रकाश मिश्रा, डीकेश राव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सुमित ताम्रकार, विनीत यादव, सरफ़राज़ नवाज़, पप्पू नामदेव, विनय बसंल, लक्ष्मी यादव, नमिता चौबे, अचला सिंग ठाकुर, शारदा यादव सहित अन्य शामिल हुए।

#### वार्डों में गई यात्रा

एलबी नगर में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित नगरवासियों के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाला गया। भारत माता की जयकारा के साथ तिरंगे का सम्मान किया गया। नगर पंचायत भवन से निकली यात्रा सभी वार्डो में गई। यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कंडे, छबिल साहू, प्रसाद मृगलाल साहू, रामजी साहू, उषा यादव, भुपेन्द्र खोब्रागडे, राजेश देवांगन, रमेश यादव, लक्ष्मीनाथ रजक, पुष्पा सिन्हा सहित अन्य शामिल हुए।

#### दिखा देशभक्ति का जज्बा

ग्राम पंचायत मुसरा कला में सरपंच गायत्री शिव कुमार टेम्भुरकर, सचिव मोहित साहू, जनपद सदस्य सीमा साहू एवं तहसीलदार सतपाल यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने जोश के साथ भारत माता का जयकारा लगाते हुए भ्रमण किया। शुरुआत में भारत माता की पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू, राजेश कोचे, मनोज कोचे, दानीराम साहू, पूर्व सरपंच कंवल निर्मलकर, शिवकुमार टेंभुरकर, दीनदयाल साहू, हीरासिंग सलामे, ओम साहू, ज्योति यादव, निशा बंजारे, झरना शर्मा, पूर्णिमा साहू, रामबाई निषाद, मंजू साहू, कौशिल्या साहू, संगीता साहू सहित अन्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

#### सीएमओ रहे गैरहाजिर

जानकारी के अनुसार तिरंगा यात्रा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल नहीं हुए। नगर पालिका के कर्मचारी ने भाजपा के जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी दी है। भाजपा के चुनिंदा जनप्रतिनिधि यात्रा में शामिल हुए जबकि कांग्रेस के अलावा अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, धार्मिक सामाजिक संगठन के लोगो को आयोजन की खबर तक नहीं दिया गया। सीएमओ सहित पालिका का आधा से ज्यादा स्टाफ इस यात्रा में शामिल नही हुआ। जबकि सुबह 6 बजे से दोपहर दो बजे तक काम करने वाले कर्मचारियों को भीड बढ़ाने के लिए बुला लिया गया था।

भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में ग्राम पंचायत घोटिया में तिरंगा यात्रा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। एसडीएम, एसडीओ, तहसीलदार, सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य, अध्यक्ष सुरेश सिन्हा की उपस्थिति में देश के सुरक्षा में लगे जवानों का हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई।





# छात्र के साथ गाली-गलौच और मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- छात्र की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया जुर्म
- मारपीट से आई चोट

ग्राम हरडंडा में गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित जो कक्षा दसवीं का छात्र है ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बतायास कि गांव के कमलनारायण और उसके बेटे चन्द्रपाल सतनामी ने मारपीट और गाली-गलौज किया। पीड़ित ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह रात्रि करीब 9 बजे जब वह गांव के पीपल पेड़ के पास बैठा था, तब कमलनारायण और चन्द्रपाल सतनामी वहां आए और उससे सामाजिक बर्तनों के बारे में पूछताछ करने लगे। पीड़ित ने बताया कि बर्तन उसके मामा के घर पर हैं, तब दोनों आरोपियों ने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों ने उसे हाथ-मुक्कों से पीटा।

पीड़ित का भाई हीरन नवरंगे जब उसे बचाने आया, तो आरोपियों ने उसके साथ भी हाथ-मुक्की किया। उसके बाएं कान के पीछे चोट और खरोंच आई है। पीड़ित के भी बाएं कान के पीछे, दाहिने आंख के पास और बाएं हाथ में चोटें आई हैं। पुलिस ने कमलनारायण और चन्द्रपाल सतनामी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# आठ करोड़ के नहर लाइनिंग में भर्राशाही

## मिट्टीयुक्त मुरूम का उपयोग, जवाब नहीं दे पाए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

खातूटोला बैराज अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा नहर सीमेंटीकरण लाइनिंग कार्य में मिट्टी युक्त मुरूम का उपयोग किया जा रहा है। सीमेंटीकरण कार्य में स्तरहीन सामग्रियों का उपयोग करने से नहर लाइनिंग कार्य में जगह- जगह दरार आने लगी है। नियमित पानी की तराई भी नहीं किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार खातूटोल क्षेत्र के तहत नहर सीमेंटीकरण लाइनिंग कार्य के लिए लगभग आठ करोड़ की स्वीकृति मिली है। वर्तमान में नारायणगढ़, रंगीटोला, नागरकोहरा, कल्लूटोला, झिथराटोला शिकारीटोला तक निर्माण प्रगति पर है। इस निर्माण में प्राक्कलन के अनुरूप कार्य न करते हुए ठेकेदार एवं इंजीनियर की मिलीभगत से स्तरहीन रेत, गिट्टी, सीमेंट का उपयोग



किया जा रहा है। नहर सीमेंटीकरण लाइनिंग कार्य में पानी की नियमित तराई नहीं की जा रही है जिससे जगह-जगह दरारें आ गई है । इस कार्य में मिट्टी युक्त मुरूम का उपयोग किया जा रहा है।

#### ठेकेदार के भरोसे कार्य

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग नहीं करने का फायदा उठाकर ठेकेदार गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है। पूरा कार्य ठेकेदार के भरोसे चल रहा है।

#### समाधान शिविर में शिकायत

नहर सीमेंटीकरण कार्य में गड़बड़ी को लेकर महाराजपुर में आयोजित समाधान शिविर में आठ गांव के किसानों ने शिकायत किया है। शिकायत को लेकर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सिंचाई का रकबा? निर्माण का रकबा? आदि के बारे में पूछा तो अधिकारी जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने अधिकारियों को लताड़ लगाया था।

### जर्नलिस्ट यूनियन के दिनेश बने जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष व्यास पाठक, संरक्षक अनिल पुसडकर, प्रवीर सिह बंदेशा, प्रदेश महामंत्री कुलवंत सिंह सलूजा, शिवशंकर सोनपिपरे, प्रदेश उपाध्यक्ष सोनकुमार सिन्हा की सहमति से खैरागढ़ के पत्रकार नीलेश यादव को जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया है। इसी प्रकार डोंगरगढ़ के दिनेश निषाद को राजनादगांव जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

अंबागढ़ चौकी मानपुर मोहला का जिला अध्यक्ष आशीष कसार को बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए सभी को जिला कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश कार्यलय को जानकारी भेजने कहा है। तीनों जिला अध्यक्ष ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष श्री पाठक, प्रदेश महामंत्री श्री सलूजा, श्री सोनपिपरे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिन्हा का आभार व्यक्त किया है।

# पीएम करेंगे 22 को वर्चुअल लोकार्पण

- कार्यक्रम स्थल का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन में सुविधाओं का विस्तार करने के साथ आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन में कालका पारा की ओर स्टेशन सौंदर्यीकरण, वेटिंग लाज, लिफ्ट, लैंड स्केपिंग, एक्सीलेटर आदि कार्यों का लोकार्पण आगामी 22 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली किया जाना प्रस्तावित है। इसी परिपेक्ष्य में रेलवे स्टेशन में सांसद संतोष पांडेय की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपादित होगा। कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, परविंदरसिंह मोंटी ने रेलवे के प्रमोद यादव, नागपुर के पद्मनाभ शास्त्री आदि के साथ कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया।



## समाधान शिविर में समिति के सदस्यों को मिला 2 मछली जाल

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम टेडेसरा के समाधान शिविर मछली पालन करने वाली ग्राम नवागांव की छत्तीसगढ़ मछुवा सहकारी समिति के सदस्यों के लिए खुशियों भरा रहा। समाधान शिविर टेड़ेसरा में मछली विभाग की राज्य पोषित योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ मछुआ सहकारी समिति नवागांव के सदस्यों को 2 मछली जाल और 3 नग आईस बाक्स मिला है। छत्तीसगढ़ मछुवा सहकारी समिति नवागांव के सदस्यों ने शासकीय योजना से लाभान्वित होने पर खुशी जाहिर की। समिति के अध्यक्ष खेमलाल निषाद ने बताया कि उनके पास एक जलाशय और 7 तालाब है। जिसमें वे मछली का पालन करते हैं। खेमलाल ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों को मजदूरी और अन्य व्यय निकालने के बाद वर्ष में शुद्ध 1 लाख रुपए से अधिक समिति को आय होती है। समाधान शिविर में लाभान्वित होने पर समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।टेड़ेसरा में आयोजित समाधान शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर बजट से मिली रफ्तार, प्रगति की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ एवं सुशासन तिहार मोर दुआर साय सरकार ब्रोशर का वितरण किया।

## शराब पिलाने वाला गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** गंडई पुलिस ने कटंगी में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गंडई पुलिस जुर्म पतासाजी करने टाउन गंडई निकली थी। भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कटंगी में शिव यादव नामक व्यक्ति अपने ठेले में लोगों को शराब पिला रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। पुलिस को देखकर शराब पी रहे लोग भाग गए, जबकि ठेला संचालक शिव यादव को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक शोले देशी प्लेन शराब का पौवा, 3 खाली पौवा, 5 गंधयुक्त डिस्पोजल गिलास और 2 पानी पाउच बरामद किया गया। आरोपी शिव यादव को गिरफ्तार करने के बाद जमानत मुचलका पर रिहा कर दिया गया।



### वार्डों में पहुंचकर आम नागरिकों से बातचीत कर समस्याओं को जाना

# शहर में पानी को लेकर परेशानी मिशन संडे की टीम ने बजाई घंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



भीषण गर्मी के बीच शहर में पीने के पानी की भीषण किल्लत और गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर मिशन संडे की टीम ने जमीनी हकीकत का जायजा लिया। संयोजक मनराखन देवांगन की अगुवाई में टीम ने शहर के दोनों छोर पर बसे वार्ड क्रमांक एक पिपरिया और वार्ड क्रमांक 12 अमलीपारा में पहुंचकर आम नागरिकों से बातचीत कर समस्याओं को जाना।

पिपरिया मे पता चला कि बोर मे तीन महीने से बिगड़ा हुआ है। पानी की आपूर्ति नही होने को लेकर वार्डवासी, स्थानीय पार्षद कई बार इस संबंध मे नगर पालिका मे शिकायत कर चुके है लेकिन आज पर्यन्त तक कोई भी काम नहीं हो पाया है जिससे स्पष्ट नजर आ रहा कि गंभीर जल संकट को जानने के बाद भी नगर पालिका प्रशासन नजर अंदाज कर लापरवाही बरत रहा है। संडे टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने सीएमओ नरेश वर्मा से दूरभाष पर चर्चा कर मशीन का त्वरित रूप से मरम्मत करने कहा।

अमलीपारा वार्ड मे गंदे और बदबूदार पानी की आपूर्ति देखने को मिला। वार्डवासियों ने बताया कि पानी पीने योग्य नहीं है फिर भी उन्हें मजबूरी में इसी पानी का उपयोग करना पड़ रहा है। टीम ने नगर पालिका को अवगत कराते हुए जल्द से जल्द सफाई और मरम्मत कार्य कराने कहा। इस दौरान नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, डॉ अरुण भारद्वाज, पार्षद दिलीप लहरे, राधे पटेल, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहरवार, शेखरदास वैष्णव, महेश यादव, सूरज देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, राहुल बंजारे, अनिल यादव, राजा लहरे, हरिदर्शन समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

#### जनप्रतिनिधियों पर बरसे संयोजक

पानी की विकराल समस्या की जमीनी हकीकत जानने समझने के बाद टीम संयोजक मनराखन देवांगन ने कहा कि नगर पालिका और सरकार में बैठे जनप्रतिनिधि कमीशनखोरी में व्यस्त हैं। आम जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। तीन माह से खराब बोर की मरम्मत न होना इस बात का सबूत है कि नगर पालिका गहरी नींद में सोई हुई है। शहर में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है क्योंकि केवल एक ही पानी टैंकर चालक है, जिससे सभी वार्डों में पानी पहुंचाना संभव नहीं हो रहा। पिपरिया, अमलीपारा सहित अधिकतर वार्डों में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है, नदियाँ सूख गई हैं और आम लोगो को भीषण गर्मी से राहत देने जिम्मेदारी नगर पालिका पूरी तरह विफल नजर आ रही है।

# कलेक्टर ने ग्रामीण वार्ड के एप्रोच रोड व भूमि का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बीते दिनों सुबह निगम सीमाक्षेत्र के ग्रामीण वार्ड ढाबा, सिंगदई, मोहड़, कन्हारपुरी का निरीक्षण कर सुगम यातायात के लिए एप्रोच रोड निर्माण हेतु स्थल के अलावा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के उद्यानों का जायजा लेकर आवश्यक मरम्मत एवं रखखाव के साथ ही बारिश में पौधरोपण की तैयारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. भुरे ने ग्रामीण वार्ड सिंगदई, मोहड़ एवं कन्हारपुरी पहुंचकर रिक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने वार्डवासियों की मांग पर आवागमन के लिए एप्रोच रोड हेतु स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि का निरीक्षण किया और खसरा, नक्शा तथा निजी भूमि की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि का उपयोग जनहित में करना है। शासकीय भूमि के पास यदि निजी भूमि स्थित है, तो उसकी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर ने एथलेटिक्स, सिन्थैटिक ट्रेक निर्माण के लिए ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे स्थित शासकीय भूमि का निरीक्षण किया और भूमि स्थिति की जानकारी ली।

#### उद्यान के सौंदर्यीकरण के निर्देश

कलेक्टर भुरे ने शहर के उद्यानों शिवाजी पार्क, त्रिवेणी परिसर, पुष्पवाटिका, चौपाटी, कृष्ण कुंज, रामकृष्ण नगर, अमृत उद्यान एवं नेहरू पार्क का जायजा लिया। उन्होंने सभी उद्यानों में रखरखाव एवं मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यान एवं पाथवे का सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्यान में खेल उपकरण के मरम्मत करे तथा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने कहा। उन्होंने कहा कि उद्यान में साफ-सफाई होनी चाहिए। उन्होंने आगामी वर्षा ऋतु में उद्यानों में पौधरोपण की तैयारी करने कहा। उन्होंने कहा कि उद्यान नागरिकों के भ्रमण एवं मनोरंजन का स्थल है, जहां प्राथमिकता से व्यवस्था दुरूस्त करने की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके व संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्रभारी सहायक अभियंता गरिमा वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षकों में असंतोष व असुरक्षा की भावना

### स्कूल बंद होने से खत्म होंगे 35 हजार शिक्षकों के पद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि पूरे प्रदेश में इन दिनों भाजपा सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। गांव-गांव में सुशासन तिहार मना कर लोगों के समस्याओं का त्वरित निदान करने का आश्वासन भाजपा सरकार दे रही है, दूसरी तरफ भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश के करीब 4000 स्कूल बंद होने और 35000 शिक्षकों के पद खत्म होंगे जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। उक्त निर्णय को शिक्षकों के सम्मान पर कुठाराघात बताते हुए श्री यादव ने आगे कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के नाम पर शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रूप में यह कदम शिक्षकों में असंतोष और असुरक्षा की भावना फैला रहा है जो शिक्षा के स्तर पर भी असर डाल सकता है। श्री यादव ने आगे कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार द्वारा सत्ता सरकार में आते ही छत्तीसगढ़ राज्य में 67 नई-नई शराब दुकान खोलकर छत्तीसगढ़ के लोगों को शराब परोसने का काम साय सरकार कर रही है नई-नई शराब दुकान खोलने से युवाओं को शराब की ओर मुख मोड़ने का काम सरकार कर रही है।

दूसरी तरफ शिक्षा व्यवस्था में युक्तियुक्तकरण की फरमान से शिक्षकों के सम्मान पर कुठाराघात हुआ है श्री यादव ने आगे कहा कि शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षकों को भय असुरक्षा सताने लगी है और उन्होंने कहा कि शिक्षकों के परिवार के लिए अनेक मुसीबत आएगी और सवाल यह है कि क्या भाजपा सरकार शिक्षा पद्धति को कमजोर करके छत्तीसगढ़ को पीछे धकेलना का कार्य भी कर रही है जो कि न्यायोचित नहीं है जहां छत्तीसगढ़ सरकार नई-नई शराब दुकान खोलकर शराब परोस रही है, वही शिक्षा के मंदिरों को बंद कर गहरी साजिश करके एक तरफ से शिक्षकों को परेशान करने का काम भाजपा सरकार द्वारा की जा रही है जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त करते हुए प्रदेश स्तरीय आंदोलन की चेतावनी भी दी जा रही है। यह लड़ाई अब शुरू होती दिखाई दे रही है कहीं ना कहीं शिक्षकों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य बीजेपी सरकार कर रही है।

# युवा रंगकर्मी शिशु सिंह को मिली पीएचडी की मानद उपाधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



शहर के युवा रंगकर्मी और आवाज फिल्म एंड थियेटर सोसायटी के संस्थापक शिशु कुमार सिंह को इंदिरा कला संगीत विवि के नाट्य विभाग द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ के रंगमंच का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर उनहोने शोध पूरा किया है।

शिशु कुमार सिंह ने संगीत विवि से बीए एमए और एमफिल की तीनों डिग्री थिएटर से की है। परफॉर्मिंग आर्ट में नेट की पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के अलावा नई दिल्ली के संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रोडक्शन ग्रांट सहित फेलोशिप अवार्ड भी मिला है। रंगमंच में लगातार सक्रिय शिशु कुमार सिंह नाटक निर्देशन, अभिनय के साथ-साथ प्रदेश और प्रदेश के बाहर नाट्य शिविरों में प्रशिक्षक के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं। उनका शोध प्रदेश के रंगमंच के इतिहास और वर्तमान स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है। प्रधान पाठक शरद सिंह के पुत्र और आवाज फिल्म एंड थियेटर के संस्थापक हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, आवाज फिल्म के सोशल मीडिया पेज पर उन्होंने देश-विदेश के कई कलाकारों की ऑनलाइन प्रस्तुतियां आयोजित की थी, जिसमें विदेशी कलाकार भी शामिल थे। उनकी उपलब्धि पर मित्रो सहित परिजनो ने बधाई दी है।

# एसआईएस सुरक्षा कंपनी युवकों को देगी स्थाई रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के शिक्षित बेरोजगार युवकों को सुरक्षा के क्षेत्र में स्थाई रोजगार उपलब्ध कराने जिला प्रशासन और एसआईएस इंडिया लिमिटेड के संयुक्त संयोजन से सोमवार 19 और मंगलवार 20 मई को छुईखदान के जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में, बुधवार 21 और गुरूवार 22 मई को खैरागढ़ जनपद पंचायत कार्यालय में और शुक्रवार 23 व शनिवार 24 मई को नगर पालिका कार्यालय मे सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर और सुरक्षा अधिकारी की भर्ती कैंप आयोजित कर की जाएगी।

एसआईएस कमांडेड कार्यालय के सीनियर भर्ती अधिकारी डीएन सिंह ने जिले के इच्छुक बेरोजगार युवाओं से अपनी सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी के साथ दिए गए स्थान में निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि प्रतिभागियों के प्रारंभिक शारीरिक माप ऊंचाई, सीना, वजन जैसी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चयनित को आवेदन भरने भरने और एक माह तक सुरक्षा प्रशिक्षण उपरांत भारतीय पुरातात्विक व औद्योगिक क्षेत्र में स्थाई नियुक्तियां प्रदान की जाएगी।

## शिविर महज दिखावाबाजी : धीरज बाकलीवाल

**दुर्ग।** नगर निगम के पूर्व महापौर व शहर के लोकप्रिय कांग्रेस नेता श्री धीरज बाकलीवाल ने सुशासन तिहार और समाधान शिविर को महज दिखावा बताया है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में खाली पड़ी कुर्सियाँ इस बात का संकेत हैं कि जनता को ऐसे आयोजनों पर कोई विश्वास नहीं है। निगम महापौर और आयुक्त को शहर के वास्तविक विकास की दिशा में कार्य करना चाहिए। श्री बाकलीवाल ने आगे कहा कि सुशासन तिहार में जमा होने वाले अधिकांश आवेदन बुनियादी समस्याओं से जुड़े होते हैं। कोई बिजली की समस्या से परेशान है, तो कोई पानी तथा सड़क-नाली के निर्माण की मांग कर रहा है। वर्तमान में नगर निगम के पास स्ट्रीट लाइट तक उपलब्ध नहीं हैं। पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए बोरिंग की सामग्री की खरीदी तक नहीं की गई है।

## मोबाइल और बैग छिनकर फरार होने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** राहगीरों से मोबाइल, बैग छिनकर फरार होने वाले युवक व तीन अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि श्याम नगर केम्प-2 निवासी टेक प्रताप बंजारे ने जामुल पुलिस थाने में शिकायत किया था। 16 मई की रात बहन को लेकर शिवपुरी जामुल छोड़ने जा रहा था। इस दौरान एसीसी अंडर ब्रिज के आगे नहर रोड पर कुछ युवक खडे थे। युवकों ने धक्का देकर पीड़ित की बहन का बैग, मोबाईल झपट कर अपने साथ लेकर फरार हो गए। दूसरी वारदात उसी रात शिवपुरी जामुल निवासी गणेश राम निषाद के साथ हुआ था। पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए संदेहियों की तलाश में जुट गई। संदेही रूपेश भारती उर्फ तोता को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना को तीन अपचारी बालकों के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

## मेयर ने कहा समस्याओं की गठरी न बांधे, तत्काल निराकरण करें

**दुर्ग।** महापौर अल्का बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के साथ अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों में प्रगति की समीक्षा की। महापौर श्रीमती बाघमार ने अधिकारियों वार्ड-वार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- चिखली महाराणा प्रताप मंगल भवन में कार्यक्रम आयोजित



राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह पं.क्र. 1282 महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का सम्मान समारोह एवं उप समिति नवनिर्वाचित पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह उप समिति राजनांदगांव अंतर्गत चिखली महाराणा प्रताप मंगल भवन में 11 मई को किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप एवं प्रभु श्रीराम के तैलचित्रों पर तिलक लगाकर की गई। सर्वप्रथम उप समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस द्वारा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का भी उप समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह क्षत्रिय द्वारा सम्मान किया गया। उप समिति के पदाधिकारी द्वारा महासभा के पदाधिकारी को तलवार, नारियल, शाल, तिलक व बैच लगाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में महासभा अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, उपाध्यक्ष पंकज सिंह भुवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय, सहसचिव सत्येन्द्र सिंह, उपसचिव घनश्याम सिंह चौहन, संगठन सचिव अजय सिंह, प्रचार सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह समेत रश्मि सिहं, मधुबाला सिंह, अनुराग सिंह, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय, संतोष कुमार चंदेल, देवेन्द्र सिंह बैस, रघुनंदन सिंह ठाकुर, आदर्श सिंह ठाकुर, केदार सिंह राजपूत, लालेन्द्र सिंह ललित, सुरेंद्र सिहं, घनश्याम सिंह, इंद्रपाल सिंह, प्रदीप सिंह, बजरंग सिंह, अजित सिंह, शशि चौहन, माधुरी ठाकुर, विवेक राजपूत, लेखन सिंह, उमेश चौहन, आरती गौतम, कार्ति विनोद, टामन सिंह पवार, कल्पना क्षत्रिय, छाया ठाकुर, महावीर गहरवार, रामसेवक सिंह, वाणी विलास गौतम, गोपाल सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह, मोहन सिंह, टार्जन सिंह, रीना राजपूत, श्रद्धा राजपूत, वतन सिंह शामिल थे। कार्यक्रम के पूर्व सामान्य सभा की बैठक हुई। जिसमें उपसमिति की मनोनीत कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नरेंद्र सिंह, उमेश सिंह चौहान, आरती गौतम, कीर्ति विनोद को उप समिति मनोनीत सदस्य बनाया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में ठा. आदर्श सिंह एवं इंद्रपाल सिंह को नियुक्त किया गया। भवन प्रबंधक के रूप में घनश्याम सिंह चंदेल को बनाया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ठा. आदर्श सिंह ने दी।

#### समाज में नए तरीके से काम करने की जरुरत

इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि आज समाज में नए रूप और नए तरीके से काम करने की जरूरत है। जैसे करियर गाइडेंस युवक व्यक्ति परिचय सम्मेलन प्राइवेट एवं खुद के उद्योगों को बढ़ावा देना, खर्चीली शादी से रोक लगाकर सामूहिक विवाह पर जोड़ देना। मुख्य अतिथि कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि आज समाज सकरी होना बहुत जरूरी है कि आज राजनीतिक क्षेत्र में हर समाज अपनी भूमिका स्थापित कर रहा है। समाज की महिलाएं और युवाओं को समाज से जुड़कर नए-नए कार्य शुरू करना चाहिए। वहीं महिलाएं खुद के उद्योग के प्रति कार्य करना चाहिए। इस दौरान केंद्रीय युवा अध्यक्ष अनुराग सिंह, उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने भी अपने विचार रखे।

### शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे हुए शामिल

# विवि में ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का समापन, प्रशिक्षित नन्हें बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



इंदिरा कला संगीत विवि में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का समापन कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। राज्यपाल व कुलाधिपति रमेन डेका द्वारा उद्घाटित शिविर में विवि के गोद ग्राम दिलीपपुर, कोहकाबोड़, देवारीभाट के अलावा खैरागढ़ शहर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के कक्षा चौथी से लेकर दसवीं तक के बच्चे शामिल हुए जिनमे भरतनाट्यम में 13, कत्थक में 31, लोक संगीत में 16, मूर्तिकला में 32, तबला में 45, गायन में 13 और चित्रकला में 116 ने प्रशिक्षण लिया।

समापन कार्यक्रम मे कुलपति ने कहा कि ललित कला के प्रति इन छोटे बच्चों में बड़ी ललक है। पालकगण भी बड़े उत्साह से इन बच्चों को प्रतिदिन विवि लाते ले जाते रहे हैं। कम समय में भी हमारे गायन, वादन, नृत्य, मूर्तिकला व चित्रकला के गुणी शिक्षकों, संगीतकारों व शोधार्थियों ने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दी। उन्होंने सभी को अपने अपने क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा साथ आवश्यकता पड़ने पर हमेशा सहयोग का वादा किया। शिविर के सफल आयोजन के लिए प्रो राजन यादव को साधुवाद दिया।

#### प्रशिक्षण बाद किया प्रदर्शन

मंचीय आयोजन बाद तबला वादन के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक तबला वादन की प्रस्तुति दी गई। गायन विभाग के प्रशिक्षुओं ने सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। भरतनाट्यम व कथक विभाग बाद अंत में लोक संगीत के प्रशिक्षार्थियों द्वारा पंथी गीत व सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति बाद कुलपति ने सभी बच्चों को प्रमाण पत्र के अलावा कड़ी धूप से बचने बच्चों को सफेद रंग की टोपी दी। शिविर की पालकों ने प्रशंसा कर विवि प्रशासन का आभार जताया। मूर्तिकला व चित्रकला विभाग के प्रशिक्षित विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी कुलपति सहित अन्य ने अवलोकन किया जिसकी उन्होंने भरपूर सराहना की। इस दौरान प्रो मृदुला शुक्ल, प्रो नीता गहरवार, प्रो नमन दत्त, डॉ.मानस साहू के अलावा विभाग अध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थी सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल, सहायक कुलसचिव विजय सिंह, संदीप किंडो, छगेंद्र उसेंडी, अमित सिंह व कन्हैया यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ देवमाईत मिंज व आभार व्यक्त प्रो राजन यादव ने किया।

# संगीत विवि और नेहरू कालेज के बीच 3 साल के लिए एमओयू

- एमओयू का उद्देश्य विचार व संस्कृति को साझा करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़




इंदिरा कला संगीत विवि और शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कालेज डोंगरगढ़ के बीच आपसी सहयोग व समंवय को लेकर तीन सालों के लिए एमओयू हुआ। कुलपति प्रो डॉ. लवली शर्मा व कालेज प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

नेहरू कालेज में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि आप लोगों को कला को समझने का अवसर मिल रहा है जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। एमओयू का उद्देश्य अपने अपने विचार व संस्कृति को एक दूसरे को साझा करना है।

संगीत विवि व नेहरू कॉलेज के बीच हुए हुए इस एमओयू से दोनों पक्ष लाभांवित होंगे। प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती ने कुलपति का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके इस सार्थक पहल से निश्चित ही कला का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को कला से जुडऩे का अवसर मिलेगा।

दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं को सीखने का अवसर उपलब्ध कराने के फौरन बाद नेहरू कालेज के साथ हुए एमओयू से संगीत कला का विस्तार जिले के बाहर भी होने लगा है। आने वाले समय में निश्चित ही वृहद स्तर पर कला का विस्तार होगा और कला प्रेमी इससे लाभान्वित होंगे।

## सार समाचार

### लखोली स्कूल में समाधान शिविर आज

**राजनांदगांव**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गत माह से आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ देने उनसे संवाद स्थापित करने तथा उनकी समस्याओ के निराकरण के लिये सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतंर्गत नागरिकों की समस्या का निराकरण कर आवेदकों के समस्याओं का समाधान बताने अंतिम चरण में निगम सीमाक्षेत्र के वार्डों में 5 मई से 31 मई तक प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नगर निगम के अलावा अन्य शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रह कर आमजनों को उनकी समस्या का समाधान बताकर तथा उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस का वितरण कर अन्य शासकीय योजना का लाभ दिया जा रहा है। शिविर के संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि समाधान शिविर की कड़ी में 19 मई सोमवार को वार्ड नं. 28, 29, 30, 31 व 32 के लिये सीडीएस लखोली स्कूल में प्रातः 10 बजे से संध्या 5 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिये है, उनका समाधान बताया जायेगा। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा। उन्होंने उपरोक्त 5 वार्ड के वार्डवासियों से शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का समाधान जान, शासन की योजनाओ का लाभ लेने की अपील की है।

### कबाड़ी दुकानों में पुलिस की दबिश

**राजनांदगांव**। जिलेभर के कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने दबिश दी। दुकानों में रखे कबाड़ के सामानों की जानकारी जुटाई और सिर्फ चेकिंग कर वापस लौट गई। पुलिस का दावा है कि सामानों के संबंध में दस्तावेज मंगाए गए हैं। दस्तावेज पेश नहीं करने वालों पर आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह कार्रवाई महज औपचारिकता ही साबित हुई है। रविवार को पुलिस टीम कोतवाली, चिखली, बसंतपुर, लालबाग, सोमनी, घुमका, छुरिया व अन्य थाना क्षेत्रों में मौजूद कबाड़ी दुकानों में दबिश दी। टीम ने कबाड़ी दुकनों पर पहुंचकर संदिग्ध समानों की चेकिंग किया। पुलिस ने दावा किया है कि चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी कबाड़ी दुकानों पर संदिग्ध सामान नहीं पाया गया। सभी कबाड़ी दुकान के संचालकों को आवश्यक हिदायत दी गई। संदिग्ध व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर नोट करने हेतु कहा गया। इसके टीम ने मौजूद सामानों का दस्तावेज जल्द प्रस्तुत करने की चेतावनी देकर लौट गई।



#### लगातार बढ़ रही दुपहिया वाहनों की चोरी

बता दें कि जिले में लगातार वाहन चोरी की घटना हो रही है। चोरी हुए वाहन बरामद भी नहीं हो रहे हैं। इसे देखते हुए भी पुलिस ने यह विशेष चेकिंग अभियान चलाया था। लेकिन पुलिस को कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला है। पुलिस ने कबाड़ी के गोदामों में भी जांच की है। दुकानों में मौजूद वाहनों का दस्तावेज भी चेक किया जा रहा है।

### कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव**। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव एवं कृषि विभाग राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत एक दिवसीय प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र में किया गया। प्रशिक्षण में जिले की कृषि सखियों को केन्द्र की वैज्ञानिक अंजलि घृतलहरे द्वारा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया और प्राकृतिक खेती से होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में कृषि सखियों को जीवामृत एवं घनजीवामृत बनाने की विधि का प्रोयोगिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी याजवेन्द्र कटरे एवं केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, मनीष कुमार सिंहए डॉ. योगेंद्र श्रीवास एवं जीतेंद्र मेश्राम उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी के बीच कुंओं के पानी का उपयोग नहीं

# सार्वजनिक कुओं की दुर्गति, सफाई के अभाव में नहीं हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस वर्ष मार्च माह में ही शिवनाथ नदी सूखने से शहर में जल संकट गहराया हुआ है। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। शहर में लोगों की निस्तारी के लिए कई वार्डों में सार्वजनिक कुंए है लेकिन इन कुओं की सफाई नहीं होने के चलते लोग कुएं के पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

शहर के कुछ वार्डों में कुएं पर स्थानीय पार्षदों के द्वारा टंकी बनाई गई है, लेकिन कई वार्डों में अब भी सार्वजनिक कुएं खुले पड़े है, जिसमें कचरे और गंदगी के चलते पानी से बदबू आती है। ऐसे में इन सार्वजनिक कुओं का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

शहर में कई वार्डो के कुओं में इस भीषण गर्मी के बीच भी जल स्तर बेहतर है, लेकिन पानी में तैरती गंदगी की वजह से लोग कुएं का पानी नहीं ले रहे है। शहर के कुछ सार्वजनिक कुओं पर जालियां भी लगाई गई है, लेकिन कई जगहों पर जाली सड़ चुकी है, तो वहीं जालियों के बीच से कचरे कुएं में फेंक दिए जाते हैं जिससे गंदगी बनी हुई है।



#### फेंका जा रहा कचरा

शहर के बीच जयस्तम चौक पर भी काफी पुराना कुआं है, किसी समय में एक बड़ी आबादी के निस्तार का माध्यम रहा है। लेकिन अब इस कुएं के ऊपर स्थानीय व्यापारियों के द्वारा अपने सामान रखे जाते हैं जिसके चलते कुएं के बीच जालियों की गैप से कचरा कुएं के भीतर गिरता है, तो वही कुएं में सड़े हुए फलों, सब्जियों के कचरों के अलावा चिप्स नमकीन के खाली पैकेट भी नजर आते हैं। वही कुएं का पानी हरा दिखाई दे रहा है।

#### नहीं होती है सफाई

गर्मी से पूर्व लोगों की निस्तारी और जल संकट को देखते हुए कुओं की सफाई कराई जानी चाहिए थी, लेकिन अधिकांश वार्ड के लोगों ने बताया कि कुओं की सफाई नहीं हुई है। पानी से बदबू आने पर शिकायत की जाती है तो महज चुना और ब्लीचिंग पाउडर डालकर कर्मचारी चले जाते हैं।

#### विलुप्त हो जाएंगे कुएं

शहर में कई जगहों पर इसी तरह गंदगी के चलते कचरा डालकर कुओं को पाट दिया गया गए हैं, जो अब सिर्फ कागज में है। समय रहते कुओं की देखरेख और सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया तो धीरे-धीरे सार्वजनिक कुएं पूरी तरह से विलुप्त हो जाएंगे।

### राज्य स्तरीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन 25 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा आगामी 25 मई को सुबह 10 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय चतुर्थ पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन का आयोजन किया गया है।



सम्मेलन में मुख्य वक्ता पंचगव्य विद्यापीठम् कांचीपुरम् तमिलनाडु के संस्थापन एवं गुरूकुलपति व प्रसिद्ध गव्यसिद्ध आचार्य डॉ. निरंजन वर्मा द्वारा गाय के वैज्ञानिक महत्व एवं उपयोगिता, पंचगव्य से साध्य व असाध्य रोगों के उपचार सहित अन्य विषयों पर व्याख्यान दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहेंगे। साथ ही अध्यक्षता छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल द्वारा की जाएगी।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे गव्यसिद्ध चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं स्वास्थ्य परामर्श भी दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा गौपालक, किसान भाईयों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

## युगांतर में नीट-जेईई की निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- छठवीं से नौवीं के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क फाउंडेशन कोर्स

शिक्षा, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल ने अभिनव पहल करते हुए कक्षा ग्यारहवीं तथा बारहवीं में सीबीएसई के नियमित पाठ्यक्रम के साथ नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विद्यालयीन समयावधि में प्रदान करने का अद्वितीय फैसला किया है, जो कि पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने इस संबंध में बताया कि विद्यार्थी अपने समय का पूरा सदुपयोग इन प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कर सकते हैं। अजय सिंगी की अध्यक्षता वाली प्रबंध समिति ने पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग सुविधा देने के साथ ही दसवीं बोर्ड में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप में भी वृद्धि की गई है।

प्रबंध समिति ने बताया कि सीबीएसई दसवीं बोर्ड में 95 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क शिक्षण के साथ निःशुल्क जेईई तथा नीट की तैयारी की व्यवस्था की गई है। इन प्रतियोगी की तैयारी कराने के लिए अनुभवी विषय विशेषज्ञ बाहर से आएँगे। इनके अलावा 90 प्रतिशत से 94.99 प्रतिशत तक अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान हॉस्टलर स्टूडेंट्स के लिए एक लाख 20 हजार रू.तथा डे स्कॉलर के लिए 60 हजार रूपए तक की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जायेगी। 85 से 89.99 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले हॉस्टलर स्टूडेंट्स के लिए 60 हजार तथा डे स्कॉलर के लिए 40000 रूपए की राशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की जायेगी। नीट और जेईई की कोचिंग पात्र विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क होगी।

विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि विगत वर्ष सी टॉप फाउन्डेशन एकेडमिक प्रोग्राम सफलतापूर्वक संचालित हुआ। इस वर्ष भी कक्षा 6 वीं से 9वीं तक की कक्षाओं में इसे और दृढ़ता से पुनः नियमित संचालित किया जाएगा।

सी टॉप एकेडमिक प्रोग्राम का उद्देश्य यह है कि बच्चों को वह योग्यता हासिल हो, जिससे वो नीट तथा जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षा में समर्थ हो सके। इस दिशा में छठवीं की कक्षाओं से ही विद्यार्थियों के फाउन्डेशन को मजबूत बनाने के लिए ध्यान दिया जा रहा है।

## पत्नी के मोबाइल में फोन किया तो हत्या की नीयत से गर्दन में मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी थाना क्षेत्र के मनगटा में एक युवक के गर्दन में चाकू से वार कर हत्या का प्रयास किया गया है। घटना को गांव के ही युवक ने अंजाम दिया है। घटना की वजह आरोपी की पत्नी के फोन पर कॉल करना सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।




घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। सोमनी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी थकेश मंडावी रात में शौच के लिए तालाब की ओर गया था। जहां से लौटकर वह तालाब के पचरी के पास बैठा था। तभी वहां आरोपी विजय निर्मलकर आया। विजय ने अपनी पत्नी के मोबाइल में फोन करने की बात कहकर थकेश से गाली गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि विजय ने अपने पास रखे धारदार चाकू से थकेश के गर्दन में दो बार वार कर दिया। जिससे वह खून से लथपथ हो गया। ग्रामीणों की मदद से थकेश को हास्पिटल पहुंचाया गया। इधर पुलिस ने आरोपी विजय निर्मलकर को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

## शिक्षिका के अपहरण मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**राजनांदगांव**। जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत भेजराटोला से एक निजी स्कूल की प्रिंसिपल का अपहरण करने वाले मुख्य आरोपी अनूप चंद्राकर के दो सहयोगियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही फरार आरोपी अनूप चंद्राकर को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। पुलिस मुख्य फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई और मामले की गंभीरता को देखते हुए फरार आरोपी को पकड़ने टीम बनाई है।

बीते शुक्रवार को कुमारदा क्षेत्र के भेजरा टोला से युवती के साथ जबरदस्ती विवाह करने के लिए भर्रेगांव निवासी आरोपी अनूप चंद्राकर द्वारा उसका अपहरण कर उसे जंगल में ले जाया गया था। इस मामले में पीड़िता ने अपनी शिकायत दर्ज करा कर पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।



#### जल्द होगी गिरफ्तारी

फरार आरोपी को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि अपहरण मामले के मुख्य आरोपी अनूप चंद्राकर का सुराग मिल चुका है और पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लेगी।

#### शिकायत वापस लेने का बना रहा था दबाव

आरोपी अनूप चंद्राकर द्वारा शिक्षिका का अपहरण करने के बाद उसे जान से मारने की भी कोशिश की गई थी, आरोपी ने उस पर पेट्रोल भी डाल दिया था। इसके बाद जबरदस्ती विवाह करते हुए वीडियो बनाकर अपने फेसबुक अकाउंट में अपलोड किया था। पीड़िता द्वारा लगभग एक माह पूर्व आरोपी के खिलाफ किए गए शिकायत को वापस लेने का दावा भी बनाया जा रहा था।

#### प्रयुक्त कार भी बरामद

पुलिस ने शिक्षिका के अपहरण में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 5442 को जब्त किया है। डोंगरगांव पुलिस ने अपहरण में आरोपी अनूप चंद्राकर का सहयोग करने वाले भर्रेगांव निवासी रोशन निषाद और तामेश्वर निषाद को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने भर्रेगांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों सहयोगी आरोपियों न्यायिक रिमांड के लिए भेजा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर शादी में प्रयुक्त मंगलसूत्र, कपड़े भी बरामद किया है।

## राज्य स्तरीय कराटे में खिलाड़ियों ने जीते 12 स्वर्ण, आठ रजत व चार कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व

भिलाई महिला महाविद्यालय में आयोजित नौवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया जिसमें प्रदेश के बीस जिलों के कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से संबद्धता प्राप्त 400 खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गों में भाग लिया। जिसमें राजनांदगांव जिला कराते संघ के खिलाड़ियों ने शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन कर 12 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की।

पदक विजेता खिलाड़ियों को जिला कराते संघ के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष सेंसाई कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, अंतरराष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं गुण्डाधुर अवॉर्डी सेंसाई अंबर सिंह भारद्वाज एवं राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के वरिष्ठ कराते खिलाड़ी दुर्गेश साहू, लोकिता साहू, जयदीप सिन्हा, जयप्रकाश साहू, तरुण साहू, ईशभ सिंह, कारण साहू एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं- सब जूनियर बालिका वर्ग में अहाना प्रसाद को फाइट में स्वर्ण पदक, काता में रजत पदक, भैरूसी साहू को काता में स्वर्ण फाइट में रजत पदक, अवनी खंडेलवाल को काता में



स्वर्ण, फाइट में स्वर्ण पदक, दीतिशा साहू रजत पदक, नितिशा निपने को कुमिते में रजत पदक, काता में कांस्य पदक, पारुल साहू काता में स्वर्ण पदक कुमिते में रजत पदक, ख्याति साहू कुमिते में स्वर्ण पदक। बालक सब जूनियर वर्ग में अनंत खंडेलवाल को काता में स्वर्ण पदक, मानविक सेठिया को काता में स्वर्ण पदक, कुमते में स्वर्ण पदक, शिवांश सोनी को काता व कुमते में रजत पदक, कविश शाह को काता में स्वर्ण पदक कुमिते में कांस्य, रिधांश चावड़ा कुमिते में कांस्य पदक, कबीर साहू कुमिते में कांस्य, हिमांशु झा कुमिते में रजत पदक, काटा में कांस्य पदक। कैडेट वर्ग में भास्कर साहू को कुमिते में स्वर्ण पदक, जूनियर वर्ग में शेख हमजा को कुमिते मे स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है।

#### 9 जून को होंगे रवाना

स्वर्ण पदक प्राप्त सभी खिलाड़ी अगामी 11 से 15 जून तक उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में भाग लेने 9 जून को शिहान मुरली सिंह भारद्वाज के नेतृत्व में रवाना होंगे। टूर्नामेंट को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय तिवारी, महासचिव अमल तालुकदार, कार्यकारी अध्यक्ष ब्रह्माय नायडू, कोषाध्यक्ष डी रमेश, उपाध्यक्ष मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष जी अमर, शशांक गुप्ता, सहसचिव हर्षा साहू एवं छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

गंजेपन का ईलाज



अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपण
FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्लर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

## 12वीं में सुमन और 10वीं में चित्रकला दोनों बहने प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

गत दिवस छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पारागांव खुर्द में 10वीं के 108 में से 101 और 12वीं में 76 में से 69 विधार्थी सफल रहे।

बच्चों की मेहनत और शिक्षकों की अतुलनीय प्रयास से परीक्षा परिणाम गौरवान्वित करने वाला रहा। कक्षा 12 वी में सुमन वर्मा पिता पारस वर्मा प्रथम एवं डिलीशा साहू पिता नरेंद्र कुमार साहू द्वितीय, ज्योति वर्मा पिता राजेश वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किये है। इसी प्रकार कक्षा 10वी में चित्रकला वर्मा पिता पारस वर्मा प्रथम, पल्लवी पिता श्याम सिंह द्वितीय, लक्की वर्मा पिता धनेश्वर वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त किये है। 10वीं में 93.52% एवं 12वी 90.79% छात्र सफल रहे।

संस्था के प्राचार्य लेखराम साहू ने इस सफलता के लिए सभी बच्चों को बधाई दी है। अच्छा परिणाम मिलने पर सभी शिक्षकों को भी बधाई दी है। बोर्ड परीक्षा प्रभारी शिवानी जंघेल एवं सभी शिक्षक, सरपंच कमलेश्वर वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुकेश्वर वर्मा, सदस्यगण लक्ष्मी नारायण वर्मा, बिसहत वर्मा, जगत वर्मा, अजय मानिक, अनेश्वर वर्मा एवं समस्त सदस्यगणों ने भी बच्चों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## आईटीबीपी ने सीतागांव में खोला पशु चिकित्सालय

**सीतागांव**। 27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने एक और पहल करते हुए सीतागाँव में जनता के अनुरोध पर फ़ील्ड पशु चिकित्सा अस्पताल खोला गया है। सीतागांव में स्थापित फील्ड अस्पताल की लोकप्रियता को देखते हुए आईटीबीपी ने अब पशुओं के लिए भी एक फ़ील्ड चिकित्सा अस्पताल स्थापित किया है।



इस अवसर पर आयोजित एक मिलन समारोह में पशु अस्पताल का विधिवत संचालन प्रारंभ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के कई गांवों के ग्रामीण अपने पशुओं के साथ उपस्थित रहें। आईटीबीपी की 27वीं बटालियन के कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने ग्रामीणों को बताया कि इससे आसपास के लगभग 20 गाँवों में स्थानीय ग्रामीणों के 12 हज़ार से ज़्यादा जानवरों का समय-समय पर निःशुल्क इलाज़ सम्भव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पशु ग्रामीणों की खेती और अन्य आवश्यकताओं का आधार हैं, लेकिन जागरूकता और नज़दीक इलाज़ के अभाव में कई बार उनके जानवरों की अकाल मृत्यु हो जाती है या वे बीमार रहते हैं। कमांडेंट ने ग्रामीणों को बताया कि इस फ़ील्ड पशु चिकित्सा अस्पताल में पशु चिकित्सा विशेषज्ञ डॉक्टर और अन्य चिकित्सा स्टाफ़ मौजूद रहेंगे जिससे स्थानीय पशुओं की चिकित्सा फ़्री में हो पाएगी। कमांडेंट ने ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं बच्चों में पोषण हेतु जागरूक किया और कहा कि स्वच्छता बनाए रखकर वातावरण को निरोगी बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने पौधरोपण करने और प्रकृति पर्यावरण संरक्षण करने हेतु भी सभी का आह्वान किया। इस अवसर पर 27वीं बटालियन आईटीबीपी के चीफ वेटरनरी ऑफिसर डॉ.मनोरंजन कुमार ने लोगों को पशुओं की चिकित्सा और देखरेख पर टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए और अपना जीवन स्तर और बेहतर करने के प्रयास करने चाहिए। रोज़ाना यहाँ लोग चिकित्सा परामर्श और दवाइयों के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साल से भी कम समय में अब तक यहाँ 2100 से ज़्यादा लोगों का इलाज किया जा चुका है। यहाँ मरीज़ों के लिए बेड भी उपलब्ध हैं और पिछले दिनों में यहाँ मलेरिया, पेट और त्वचा के साथ-साथ, कई प्रकार के संक्रमण से ग्रस्त लोगों का निःशुल्क इलाज़ किया गया। साथ ही, चोट, एक्सीडेंट और पुराने घावों को ठीक करने हेतु भी अनेकों इलाज कर राहत पहुँचाने का काम किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

**खबर संक्षेप**

### पंजीयन की तारीख 22 मई तक बढ़ाई

**कवर्धा।** जिले में पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तारीख में वृद्धि की गई है। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना अंतर्गत किसानों के पंजीयन की अंतिम तारीख में वृद्धि की गई है। अब जिले के किसान 22 मई तक अपने फसल का पंजीयन करवा सकते हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन और रबी विपणन वर्ष 2025-26 में चना, मसूर व सरसों की बुआई करने वाले किसानों का पंजीयन पूर्व निर्धारित तारीख स्थान पर अब 8 मई से 22 मई तक किया जा सकेगा।

# वर्षा ऋतु पूर्व फिर वनभूमि पर कब्जाधारियों की गिद्ध नजर, नहीं की जा रही कोई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

जिले के वनांचल ईलाकों और खासकर विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र में सरकार की वन अधिकार पट्टा नीति को लेकर वन भूमि में अवैध कब्जा का खेल वर्षो से चला आ रहा है। जिसके खिलाफ क्षेत्र के प्रबुद्ध जनो द्वारा समय-समय पर शासन-प्रशासन तथा वन विभाग से शिकवा शिकायत भी की जाती रही है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि प्रबुद्धजनो की इन शिकायतों को जिम्मेदारों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया, नतीजन आज वन अधिकार पट्टा के नाम पर जिले की सैकड़ों एकड़ वनभूमि पर स्थानीय और बाहरी लोग कब्जा जमाकर बैठे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यह खेल अभी समाप्त नहीं हुआ है बल्कि ग्रीष्म ऋतु के बाद प्रारंभ होने वाले वर्षाकाल को देखते हुए एक बार फिर वनांचलों की वनभूमि में अवैध कब्जा की होड़ सी मच गई है। बावजूद इसके वन विभाग और शासन-प्रशासन कोई कार्यवाही करने के हांथ पर हांथ धरे तमाशबीन की भूमिका में नजर आ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र पूर्व पंडरिया के कक्ष क्रमांक 519, 520, 521,एवम 523 में अवैध कब्जाधारियों की गिद्ध नजर गड़ी हुई है और वे इस वनभूमि में अवैध कब्जा करने में जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि इन अवैध कब्जाधारियों को वनविभाग और वनविकास निगम के कुछ अधिकारी व कर्मचारियों का संरक्षण भी प्राप्त है जिसके चलते इनमें किसी प्रकार का डर दहशत नहीं देखने को मिल रहा है। वहीं खबर यह भी है कि वनभूमि में अवैध कब्जा करने वाले कब्जाधारी शासन की वन अधिकार पट्टा योजना के निर्धारित मापदण्ड के विपरीत हैं। इन लोगों के पास पहले से ही कई-कई एकड़ राजस्व भूमि है बावजूद वे वनभूमि में अवैध कब्जा करने में गुरेज नहीं कर रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया क्षेत्र के बदौरा, नरसिंगपुर, कामठी, माठपुर, भड़गा, नागाडबरा, रहमानकांपा सहित अन्य ईलाकों में बीते 10-12 वर्षो के भीतर वनअधिकार पट्टा के नाम जिस ढंग से वनो की अवैध कटाई व वनभूमि में कब्जा हुआ है वह किसी से छिपा नहीं हैं। आलम ये है कि कुछ ही वर्षो में यहां का सैकड़ों एकड़ में फैला हरा भरा जंगल का बड़ा हिस्सा खेतों में तब्दील हो चुका है। माना जा रहा है कि साल दर साल जिस ढंग से इस क्षेत्र की वनभूमि खेतों में तब्दील हो रही है उसे समय रहते नहीं रोका गया तो वो दिन दूर नहीं जब लोग जंगल देखने को तरस जायेंगे।



**तीन एकड़ का पट्टा और बेहिसाब वनभूमि पर कब्जा...**

वन अधिकार पट्टे के नाम पर इस अंचल में सर्वाधिक वन विनाश कर वनभूमि पर अपात्रों द्वारा अवैध कब्जे के लिए कुख्यात हो चुके नागाडबरा और जामुनपानी दो ऐसे स्थान हैं जो कुछ वर्ष पहले सरकारी दस्तावेजों में वीरान गांव के रूप में दर्ज थे। जो सरकार द्वारा तुष्टिकरण की दृष्टि से बनाई गई वनविनाश कारी योजना के चलते हजारों एकड़ में लहलहाते सागौन जंगलों को काट कर रातों रात आबाद हो गए। अब ये दोनों वन क्षेत्र जो कभी इंसान के नाम पर वीरान थे किंतु कटकटाते जंगल के लिए जाने जाते थे ठीक इसके विपरीत आज वहां जंगल वीरान और इंसान आबाद हो गए। पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र के तहत नरसिंहपुर सर्किल में स्थित कुल्हीडोंगरी से लेकर बदौरा के बीच फैले और वन विकास निगम के अधीन आने वाले विशाल वन क्षेत्र का पूरा नक्शा बदल चुका है ! कोदवा से पंडरिया जाने वाली सड़क के दोनों ओर कुछ ही वर्षों में विभागीय संरक्षण अथवा नजरंदाजी के चलतेआज दूर दूर तक सिर्फ खेत दिखाई देते हैं और विडंबना तो ये है कि इस इलाके में पट्टे पर दी गई वनभूमि का भौतिक सत्यापन भी नहीं किया जा रहा है जिसके चलते तीन एकड़ का पट्टा लेकर लोग तेरह एकड़ में कब्जा किए बैठे हैं। इसी तरह की कहानी कोदवा सर्किल के तहत नागाडबरा, भडगा और माठपुर के जंगलों की भी है। अंचल के पर्यावरण प्रेमियों और पेड़ पौधों को जीवन के लिए जरूरी मानने वाले जंगल सुरक्षा के हिमायती लोगों को दुख इस बात का है कि सरकारें बदलती हैं किंतु जल और जंगल की विनाश लीला यथावत चलती रहती हैं। राजनीतिक संरक्षण और विभागीय उदासीनता के चलते भेंट चढ़ गए जंगल।

**वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व सक्रिय हो जाते हैं कब्जाधारी**

जानकारी के मुताबिक वैसे तो अवैध कब्जाधारी वनभूमि में कब्जा को लेकर पूरे साल सक्रिय रहते हैं लेकिन वर्षाकाल प्रारंभ होने के पूर्व इनकी सक्रियता ज्यादा बढ़ जाती है। बताया जाता है कि इनमें ज्यादातर वहीं लोग सक्रिय होते हैं जो पूर्व में शासन की वनअधिकार पट्टा योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। ऐसे लोगों द्वारा ही अपने हिस्से की पट्टा भूमि का हर साल दायरा बढ़ाकर वन भूमि को कृषि भूमि में तब्दील किया जाता है। वहीं किसी प्रकार की कार्यवाही होने पर परिवार के किसी सदस्य को खड़ा कर उनके नाम से पट्टा की मांग कर दी जाती है। वोट की राजनीति के चलते सरकार भी ऐसे लोगों को बगैर कोई छानबीन के पट्टा थमा देती है। जबकि अगर इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए तो कई एकड़ वनभूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया जा सकता है।

**आरोप:** कवर्धा के आदर्श नगर में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा में भारी हंगामा

# वनांचल से लेकर कवर्धा तक में चल रहा धर्मांतरण का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

लगातार की शिकवा शिकायतों के बाद भी धर्मांतरण के मुद्दे पर मूक दर्शक बने बैठे शासन-प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते जिले के वनांचलों से लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा तक खुलेआम धर्मांतरण का खेल चल रहा है। जिसे लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में रविवार को भारी हंगामा, वाद विवाद तथा झूमा झटकी की स्थिति देखने को मिली। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया और मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अब पूछताछ व जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिला मुख्यालय कवर्धा के आदर्श नगर में उस समय हंमागा खड़ा हो गया जब यहां के एक मकान में धर्म विशेष की प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि ग्राम तारो में संचालित एक निजी स्कूल के संचालक और उसके परिजनो द्वारा आदर्श नगर कवर्धा के एक मकान में धर्म सभा के नाम पर बाहर से आए बैगा आदिवासियों का धर्मांतरण कराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही बड़ी संख्या में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी तथा मोहल्लेवासी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर वाद विवाद तथा झूमा झटकी शुरू हो गई। बाद में घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना पाकर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और दोनो पक्षों को समझाईश दी गई। वहीं विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल तथा मोहल्लेवासियों की शिकायत पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है और अब इनसे पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है।

**हिन्दू संगठनो ने दर्ज कराई लिखित शिकायत**



हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने निजी स्कूल के संचालक जॉन थॉमस के खिलाफ लिखित शिकायत की है कि कवर्धा के आदर्श नगर के एक मकान में जॉन थॉमस द्वारा आसपास के परेशान, बीमार, गरीब लोगों को इलाज या लालच देकर बुलाया जाता है और नगर के बीच आदर्श नगर स्थित मकान में झाड़-फूंक किया जाता है। झाड़-फूंक के दौरान तरह-तरह की डरावनी आवाज निकाली जाती है। आसपास रहने वाले लोग इससे डरे हुए हैं। बच्चे घर से निकलने से कतराते हैं। इतना ही नही धर्मसभा में आए लोगों को धर्म विशेष की पुस्तकों को बढ़ाया जाता है और धर्म विशेष की आराधना कराकर उनका गलत ढंग से धर्मांतरण कराया जाता है।

**जांच के आधार पर की जाएगी आगे की कार्यवाही**

आदर्श नगर स्थित एक मकान में एक धर्म विशेष द्वारा धर्म सभा कराए जाने तथा लोगों का गलत तरीके से धर्मांतरण जाने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और यहां शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए लोगों से पूछताछ तथा मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

**पुष्पेंद्र बघेल, एएसपी कवर्धा**

# भाजपा सरकार के राज में ठगे जा रहे किसान: तुकाराम चन्द्रवंशी

## कवर्धा में खुलेआम बन और बिक रही अमानक पोटाश खाद सरकार नींद में

- अमानक पोटाश खाद निर्माता इथेनॉल कम्पनी के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रदेश की सत्ता में भाजपा सरकार के काबिज होने के बाद सरकार की लगातार किसान विरोधी नीतियां सामने आ रही है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के गृह जिले में देखा सकता है।

जहां एक तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार पर जिले के पंडरिया विधानसभा में संचालित लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना को निजी हांथों में सौंपने के आरोप लग रहे हैं वहीं दूसरी तरफ अब जिले के विधानसभा कवर्धा में संचालित निजी इथेनॉल कम्पनी द्वारा अमानक पोटाश खाद निर्मित कर भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के माध्यम से बेंचकर किसानो को लाखों का चूना लगाने का बेहद गंभीर मामला सामने आया। उक्त बातें युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने जारी बयान में कहीं।

तुकाराम चन्द्रवंशी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में एक निजी ऐन.के.जे. बायोफ्यूल प्राईवेट लिमिटेड राम्हेपुर इथेनॉल कम्पनी लम्बे समय से सरकार के नाक के नीचे अमानक पोटाश खाद बनाकर बेंचती रही। किसानो की शिकवा शिकायत के बाद मामला उजाकर होने पर कवर्धा में इथेनॉल बनाने वाली कंपनी की सहायक कंपनी केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित कराई गई पोटाश खाद की जांच छत्तीसगढ़ सरकार के फर्टिलाइजर क्वालिटी कंट्रोल लेबोरेटरी लेब से कराई गई।

जिसमें कम्पनी के 14.5 प्रतिशत पोटाश के दावे के विपरीत पोटाश की मात्रा पहले नमूने में मात्र 1 प्रतिशत एवं दूसरे नमूने में मात्र 3.5 प्रतिशत पाई गई है। जिसके बाद इस पोटाश खाद को अमानक घोषित किया गया है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय यह है कि केफार्म टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित इस अमानक पोटाश खाद की बिक्री अभी भी धड़ल्ले से जारी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि कम्पनी में निर्मित इस अमानक पोटाश खाद को बड़ी मात्रा में बाजार भाव से कहीं अधिक पर न सिर्फ कबीरधाम जिले में बल्कि पड़ोसी जिले बेमेतरा के भी हजारों किसानो को बेंचकर लाखों का चूना लगाया गया है।

श्री चन्द्रवंशी ने यह भी आरोप लगाया है कि कम्पनी की इस अमानक पोटाश खाद के उपयोग से कई किसानो की खून पसीने से तैयार की जा रही कमती फसल बर्बाद हो चुकी है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि एक तरफ भाजपा की सरकार किसानो की आय दोगुनी करने और उनकी हितैषी बनने का ढोंग करती है वहीं दूसरी तरफ किस ढंग से भाजपा के राज में निजी हाथों द्वारा किसानो के खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है यह अब जग जाहिर हो चुका है। उन्होने अमानक पोटाश निर्मित और विक्रय के मामले में शासन-प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने और किसानो को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# स्कूलों में 2008 के सेटअप का पालन कराने मुख्यमंत्री से दखल देने की मांग

- यक्ष प्रश्न, पांच कक्षा को दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से वर्तमान में त्रुटिपूर्ण निर्देश के अनुसार जारी युक्तियुक्तकरण में दखल देकर स्कूलों में 2008 के सेटअप का पालन कराने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के वर्तमान नियम में प्रत्येक शाला में एक शिक्षक का पद घटा दिया गया है, जिससे प्रदेश के सभी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं में एक-एक शिक्षक कम हो जाएंगे। अब यहाँ यक्ष प्रश्न है कि प्राथमिक शाला में कक्षा एक से पांच तक के पांच कक्षाओं को केवल दो शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे? युक्तियुक्तकरण की वर्तमान नीति में हायर सेकेंडरी स्कूलों में कामर्स विषय के भी एक-एक शिक्षक कम कर दिए गए हैं। कम शिक्षक होने से कक्षा संचालन भी संभव नहीं होगा, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। युक्तियुक्तकरण नीति को एकतरफा लागू किया जा रहा है, नीति के सम्बंध में विभाग द्वारा आपत्ति दावा भी नहीं लिया गया है। दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण नीति के चलते सामान्य व निम्न वर्ग के पालकों के बच्चे को उचित शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। शिक्षा विभाग के शालाओं में पद का मूल आधार सेटअप होता है, अतः 2008 में जारी सेटअप का समुचित क्रियान्वयन किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए युक्तियुक्तकरण के दोषपूर्ण व विसंगतिपूर्ण बिंदुओं को शिक्षा विभाग अलग करें, जिसके बाद ही शिक्षकों की व्यवस्थापन के विषय में सोंचे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांग किया है कि शासन पहले अतिशेष शिक्षक के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करे, तत्पश्चात 2008 के सेटअप का शालाओ में पालन करते हुए प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक के पदों पर पदोन्नति किया जावे। उसके बाद अतिशेष शिक्षक की स्थिति निर्मित होने पर पारदर्शी प्रक्रिया के तहत युक्तियुक्तकरण किया जाए।

# उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बेमौसम बारिश के बाद भी लोगों को भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। आलम ये है कि बेमौसम बारिश के बाद मौसम साफ होते ही सुबह से ही भगवान भास्कर अपने प्रचण्ड बेग के साथ उदय हो रहे हैं और पूरे दिन चटख धूप लोगों का दम निकाल रही है।

इस भीषण तपिश के चलते अगर बारिश हो भी गई तो लोगों को फौरी तौर पर राहत मिल जाती है लेकिन उस लोगों को हलाकान और परेशान कर रही है। इस तरह की उमस भरी गर्मी का लोगों की सेहद पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है और वे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करने मजबूर हो रहे हैं। इस उमस भरी गर्मी में लोगों को न तो पंखा कूलर से राहत मिल पा रही है और न ही एसी भी सुकून दे पा रहे हैं।

भी उमस भरी गर्मी में सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो घरों में या फिर दफ्तरों में काम करते हैं। उस पर अंचल की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था लोगों की समस्या को और ज्यादा बढ़ाती नगर आ रही है।

इन विपरीत हालातों में कुल मिलाकर माना जा रहा है कि जब तक मानसून सक्रिय नहीं होता लोगों को इसी तरह से मौसम की मार झेलनी पड़ सकती है।

## लोगों का मनमोह रहे कमल पुष्प...



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुआंमालगी के तालाब में भीषण गर्मी के इस दौर में खिले कमल बरबस ही लोगों का न सिर्फ ध्यान खींच रहें बल्कि विशाल तालाब में फैली यह हरियाली और उस पर खिले सफेद कमल के सुंदर व मनमोहक फूल लोगों की आंखों को सुकून दे रहे हैं।

**एक के बाद एक आ रही महिलाकर्मियों की शिकायतें, पीड़िता ने लगाई कार्यवाही की गुहार**

# जिले के सरकारी विभागों में महिलाएं कितनी सुरक्षित?, शारीरिक एक मानसिक प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के सरकारी विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों की जिस ढंग से एक के बाद एक शिकवा शिकायतें सामने आ रही है उसे लेकर अब सरकारी विभागों में पदस्थ महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में गत 16 मई को पुलिस आरक्षक पद की एक महिला अभ्यार्थी ने कवर्धा कोतवाली पहुंचकर आरोपी एसआईबी के प्रधान आरक्षक बहादुर सिंह मेरावी के विरूद्ध आरक्षक पद पर नियुक्ति दिलाने का प्रलोभन देकर 6,00,000 रूपए की राशि वसूलने और उसका शारीरिक शोषण किए जाने का गंभीर आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 27/2025, धारा 64(2)(एम), 318(4) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। इसी तरह अब वन विभाग में दैनिक वेतन के रूप में पदस्थ रही एक महिला कर्मी ने भी विभाग के रेंजर पर मानसिक और शारीरिक शोषण का गंभीर आरोप लगाया है।

इस पूरे मामले की लिखित शिकायत जिले के पुलिस अधीक्षक से करते हुए पीड़िता ने कबीरधाम जिले के लोहारा वन परिक्षेत्र में पदस्थ रेंजर आरोप लगाया कि रेंजर लम्बे से समय से मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है और जब पीड़िता ने उसके दबाव के आगे झुकने से इंकार कर दिया तो उस पर झूठे आरोप लगाकर वेतन रोक दिया गया तथा नौकरी से बाहर कर दिया गया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह अपनी बीमार मां के साथ रहती है और पूर्व वन मंत्री की अनुशंसा पर उसे दैनिक भोगी के रूप में नियुक्त किया गया था। शुरुआत में कार्य संतोषजनक था, लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद रेंजर का व्यवहार बदल गया। आरोप है कि रेंजर ने अपने प्रभाव और पद का दुरुपयोग करते हुए महिला को अपने अधीन करने के प्रयास किए और असफल रहने पर झूठे आरोपों के तहत मानसिक प्रताड़ना देना शुरू कर दिया।

पीड़िता का कहना है कि उसने जिला वन अधिकारी, संभागीय वन अधिकारी, विधायक व मंत्री तक शिकायत पहुंचाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः उसने पुलिस अधीक्षक कबीरधाम को भी शिकायत सौंपी, लेकिन वहां भी सबूत की मांग मामले को टाल दिया गया। पीड़िता ने सवाल उठाया है कि अकेले ऑफिस में हुए उत्पीड़न का साक्ष्य वह कैसे प्रस्तुत करें। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि अगर इस पीड़ित महिला कर्मचारियों का साथ शासन-प्रशासन नहीं देखा तो इन्हे न्याय और दोषियों को सजा कैसे मिलेगी। यही वजह है कि आज यह सवाल खड़ा हो रहा है कि जिले के सरकारी विभागों में महिलाएं कितनी सुरक्षित हैं?

**तमाम आरोप द्वेष भावना से प्रेरित और झूठे**

बजट के आभाव में उक्त महिला के अलावा करीब 30 से 35 लोगों को कार्य से प्रथक किया गया है। जिसकी जानकारी सभी दैनिक वेतन भोगियों को विभाग द्वारा दी गई है। लेकिन उक्त महिला कार्य से प्रथक किए जाने के बाद भी अनाधिकृत रूप से कार्यालय आती रही। जिसे देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से इस बात की जानकारी हमारे द्वारा पुलिस प्रशासन को भी दी गई थी। महिला के तमाम आरोप द्वेष भावना से प्रेरित झूठे, अर्नगल और तथ्यहीन है।

**अनुराग वर्मा, रेंजर, स.लोहारा वन परिक्षेत्र**

# युवक की डंडे से पीट-पीटकर हत्या, दो आरोपी पुलिस हिरासत में, पुछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा में एक ग्रामीण की डंड़े से पीटपीटकर हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर दो लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे अब पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शनिवार की पंडरिया निवासी नाम रुपेश यादव किसी काम से ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा गया था। जहां अज्ञात कारणों के चलते दो लोगों ने उसकी डंडे से पीटपीटकर हत्या कर दी। ग्रामीण का शव गांव के एक घर में पड़ा मिला। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर लिया है और मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर अब पूछताछ कर रही है। इस मामले में बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर पंडरिया से करीब 40 किलो मीटर दूर रूपेश गभोड़ा क्यों गया था और फिर ऐसा क्या हुआ कि उसकी हत्या कर दी गई। बहरहाल पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## कार्यवाही: कबीरधाम पुलिस की गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता

# चिल्फी पुलिस ने दो गांजा तस्करों से एक क्विंटल मादक पदार्थ किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फी

चिल्फी पुलिस ने गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ट्रक सें 1 क्विंटल 101.07 किलो ग्राम मादक गांजा जब्त कर किया है। वहीं गांजा तस्करी के इस मामलें में पुलिस नें दो आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जिसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 21/25 धारा 20 (बी) (2) (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। वहीं तस्करी में परियुक्त ट्रक को भी जब्त किया है।

पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चिल्फी संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में थाना चिल्फी पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। विगत दिनों 12 मई को थाना चिल्फी प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर की टीम ने मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए ट्रक क्रमांक आरजे 17 सीजी 9591 से 1 क्विंटल (101.07 किलो ग्राम) मादक गांजा जब्त कर आरोपी सांवरिया वर्मा, होकम सिंह सोंधिया एवं कुमेर सिंह निवासी मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया था। उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 21/25 धारा 20 (बी) (2)(सी) एनडीपीसी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजा गया।

### गांजा की आपूर्ति के स्रोत तक पहुंची पुलिस



गंभीर अपराध की विवेचना को एंड-टू-एंड करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पतासाजी हेतु एक विशेष टीम फूलबानी जिला कन्धमाल (उड़ीसा) भेजी गई। निरंतर प्रयासों से यह तथ्य सामने आया कि गांजा की आपूर्ति ओड़िशा के तस्करों द्वारा की गई थी। टीम ने वहां से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जिसमें रघुनाथ गंडा पिता उपेंद्र गंडा आयु 37 वर्ष निवासी जारगीसारु, थाना सदर फूलबानी, जिला कन्धमाल (उड़ीसा) व अजीत कुमार बेहरा पिता बसीष्ठ बेहरा आयु 31 वर्ष निवासी सुदूकुम्पा, थाना सदर फूलबानी, जिला कन्धमाल (उड़ीसा) दोनों आरोपियों की संलिप्तता गांजा की आपूर्ति एवं इस अवैध तस्करी के षड्यंत्र में स्पष्ट रूप से पाई गई है। इनके विरुद्ध धारा 29 एनडीपीएस एक्ट जोड़ी गई है। इस कार्यवाही में थाना चिल्फी की टीम का अत्यंत सराहनीय योगदान रहा। जिसमें थाना प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर राठौर, बीरबल साहू, सुनील मेरावी, पंकज यादव, संतोष साहू, आंसू तिवारी, मो. इरफ़ान, पप्पू पनागर एवं अन्य स्टाफ द्वारा सतर्कता, परिश्रम एवं सूझबूझ से की गई यह कार्यवाही की गई। निश्चित ही मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध एक सशक्त और निर्णायक संदेश है।

# अभ्युदय विद्यालय में हाई स्कूल सेंकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



शिक्षा ही जीवन की सफलता की कुंजी है और जब कोई विद्यार्थी कठिन परिश्रम कर उच्च उपलब्धियां प्राप्त करता है, तो उसका सम्मान किया जाना न केवल प्रेरणादायक होता है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए एक आदर्श भी स्थापित करता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए अभ्युदय विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 2024-25 में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षा जगत में सिंद्धात और व्यवहार का संगम अभ्युदय स्कूल में बुधवार को हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय एवं नगर को गौरवांवित करने वाले विद्यार्थियों को पालक सहित संस्था के शाला प्रबंधन समिति एवं एकेडमिक हेड द्वारा सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में अभ्युदय विद्यालय से हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में नीरव यादव ने 94.60 प्रतिशत, अनिका राठौर 96.40 प्रतिशत और दामिनी नवरंग ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किया और वही हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा से विज्ञान संकाय में केशव सोनी 94 प्रतिशत, अविष्का झा 83.4 प्रतिशत अंक और हरलीन कौर बग्गा 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वहीं वाणिज्य संकाय से हायर सेकेंण्डरी परीक्षा में लब्धि जैन 94.8 प्रतिशत, आस्था लूनिया 92.8 प्रतिशत अंक एवं अभिनव सोनी 90 प्रतिशत में उत्तीर्ण होकर अपना लोहा मनवाया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बोर्ड स्तर पर विद्यालय में उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए थे। कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सपन चोपड़ा एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और लगन हम सभी के लिए प्रेरणा है। विद्यालय परिवार को गर्व है कि हमारे छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त की है। अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को सराहना मिली और शिक्षकों ने भी उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान समारोह ने अन्य छात्रों को भी परिश्रम कर श्रेष्ठ बनने की प्रेरणा दी।

# शिक्षकों व बच्चों पर अन्याय व शिक्षा पर बाधक नीति है युक्तियुक्तकरण: नवीन

- 4 हजार स्कूल और 32 हजार पद समाप्त कर निजी स्कूलों को बढ़ावा देने का खेल: श्री जायसवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था बदहाल है, स्वास्थ्य व्यवस्था दम तोड़ चुकी है, वहीं मुख्यमंत्री के विभाग शिक्षा की व्यवस्था को बिना शिक्षा विदो से चर्चा किए, युक्तियुक्तकरण के बेतुके निर्णय लेकर सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बाधित कर निजी स्कूलों के व्यवसाय को बढ़ावा देने का घिनौना खेल खेल रही है।



ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति पढ़ने के साथ-साथ सीखने की कला पर फोकस और स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों के विद्यार्थियों को प्रेरित कर उनमें पाठ्यक्रम से और आगे बढ़कर गहन बौद्धिक सोच उत्पन्न करने की नीति है, प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा आंतरिक योग्यता को विकसित करने के उद्देश्य से यह लागू किया गया है, लेकिन युक्तियुक्तकरण नई शिक्षा नीति के विपरीत है, इससे यह प्रमाणित होता है कि भाजपा सरकार को शिक्षा से कोई लेना देना नहीं है।

प्राथमिक स्तर पर पांच कक्षाएं और चार विषय को पढ़ने के लिए शिक्षकों की आवश्यकता होती है, प्रचलित सेटअप के अनुसार एक हेड मास्टर और दो शिक्षक है किंतु युक्तिकरण में इसे एक हेड मास्टर और एक शिक्षक की नीति बनाई गई है जिसके कारण बच्चों को विषय शिक्षा के लाभ से वंचित होना पड़ेगा।

इसी प्रकार मिडिल स्कूल में कक्षा 6 वीं से 8 वीं तक की कक्षाएं विषय आधारित होती है 11 से 14 आयु के बच्चों को कौशल विकास कोर्स प्रारंभ की योजना है वर्तमान सेटअप में एक हेड मास्टर और चार शिक्षक हैं, लेकिन अब एक हेड मास्टर और तीन शिक्षक की नीति बनाई गई है जबकि मिडिल स्कूल में 6 विषयों का अध्यापन कराया जाता है इसी क्रम में कक्षा 9 वीं से 10 वीं में 6 विषय और कक्षा 11 वीं और 12वीं में विषय विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है। प्रदेश में कुल 20000 से ज्यादा प्राइमरी स्कूल है जहां 1+4 से पढ़ाई हो रही है अब एक हेड मास्टर और तीन शिक्षक की नियुक्ति सेटअप करने से एक झटके में 20000 पद समाप्त होने की स्थिति बन गई है। वहीं जहां 10 से कम बच्चे हैं उन स्कूलों की संख्या 4 हजार है और ऐसी दशा में इन स्कूलों को बंद कर 12000 पद और कुल मिलाकर 32000 शिक्षकों की पद समाप्त करने की सोची समझी साजिश की योजना है। प्रदेश सरकार शिक्षकों के पद रिक्त होने के बाद भर्ती ना कर स्कूल बंद करने पर तुली है, वहीं सरकार शराब के लिए ऐप बनाकर नई शराब दुकान खुलवाने पर तुली है, इससे यह प्रमाणित होता है कि सरकार राज्य को विकास नहीं विनाश की ओर अग्रसर कर रही है।

## कोलेगांव में पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन कल से



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 20 से 24 मई तक आयोजित की जाएगी। वहीं पांच दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा की तैयारियों जोर शोर से समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही है। जिसमें कथा वाचिका पूज्या आर्या त्रिपाठी ग्राम बटुराकछार द्वारा श्रीराम कथा का रसपान ग्राम कोलेगांव सहित क्षेत्रवासियों तथा भक्तजनों को कथा श्रवणपान कराया जाएगा। श्रीराम कथा का मुख्य यजमान श्रीमती रमौतीन रामावतार साहू विराजमान होंगें। वहीं इस श्रीराम कथा में समस्त क्षेत्रवासियों व भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगीतमय श्रीराम कथा श्रवणपान कर अपने जीवन को कृतार्थ करने व कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में पंडरिया के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया









छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर व सीबीएसई दोनों बोर्ड परीक्षाओं में कवर्धा जिला के साथ-साथ पंडरिया के छात्र छात्राओं ने अपनी विशेष पहचान बनाई। जिसमें एंबीशन पब्लिक स्कूल पंडरिया के मेधावी छात्र छात्राओं ने सीबीएसई कक्षा 10 वीं परीक्षा में शानदार व उत्कृष्ट के सफलता अर्जित कर नगर व विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जिस पर स्कूल के संचालक देवेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र चौहान, दिलीप जैन, प्राचार्य आरएन बेहरा ने इन मेधावी छात्र छात्राओं को उनकी लगन, समर्पण व परिश्रम के गुण को इसी तरह ही बनाए रखने की प्रेरणा दी। जिसमें एंबीशन पब्लिक स्कूल पंडरिया के छात्र अक्षत 87 प्रतिशत, छात्रा राजनंदिनी 75 प्रतिशत, छात्रा साक्षी 73 प्रतिशत, छात्रा अदिति 67 प्रतिशत, छात्रा श्रीजल 63 व विनीता तथा दिव्यांशु 60 ने प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। जिस पर परिजनों व शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं ने बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# दर्रीपारा तालाब में श्रमदान से जलकुंभी हटाकर सफाई अभियान जारी

- अभियान में जुड़ने नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने की अपील।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा अभियान के तहत दर्रीपारा तालाब में श्रमदान के माध्यम से रविवार को जलकुंभी हटाकर सफाई कार्य किया गया। यह इस अभियान का छठवां चरण था, जिसमें जलकुंभी से पटा दर्रीपारा तालाब को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु श्रमदान किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शहर के अधिकांश तालाबों में जलकुंभी के कारण तालाब का जल प्रवाह अवरुद्ध हो गया था और दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इससे आसपास के निवासियों को सामाजिक और धार्मिक कार्यो में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, अब श्रमदान से तालाब की सफाई की जा रही है, जिससे न केवल इसकी सुंदरता लौटेगी बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जन-जागरूकता भी बढ़ेगी। हमारी टीम द्वारा यह अभियान में शामिल होकर श्रमदान किया जा रहा है।

नपाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया कि दर्रीपारा तालाब की सफाई पूरी होने तक हर रविवार श्रमदान जारी रहेगा। इसके पश्चात अन्य तालाबों की भी इसी प्रकार सफाई की जाएगी। नपाध्यक्ष ने सभी से अपील है की इस अभियान में जुड़कर हर रविवार को दो घंटे अपने बहुमूल्य समय से दो घंटे का समय अवश्य श्रम दान में देवें। इस सफाई अभियान में पूर्व विधायक व संसदीय सचिव डॉ सियाराम साहू, वरिष्ठ साहित्यकार आदित्य श्रीवास्तव सहित नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति गण, पार्षद गण, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व वार्डवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## व्हॉलीबॉल संघ के नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियो की बैठक संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** रविवार को स्थानीय विश्राम गृह कवर्धा में जिला व्हॉलीबॉल संघ कबीरधाम के नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारियो की बैठक आहूत किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया, स्वागत के पश्चात आदित्य श्रीवास्तव द्वारा कवर्धा जिला में व्हॉलीबॉल के इतिहास पर विचार रखा गया। डॉ एके श्रीवास्तव नें अपने उद्बोधन में विस्तार से व्हॉलीबॉल खेल के बारे में सभी बैठक में उपस्थित सदस्यों को बताया गया, फिर नवीन अध्यक्ष का दायित्व निर्वहन कर रहे कैलाश चंद्रवंशी जिला पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा व्हॉलीबॉल को उच्च शिखर पर पहुंचाने हेतु सभी प्रकार की सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। कवर्धा में एक ऑल इंडिया प्रतियोगिता जिसमें देश की शीर्ष आठ टीमों को बुलाने पर सहमति बनी तथा ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को जिला व्हॉलबॉल संघ से जोड़ने व ग्रामों में जाकर जहां पर व्हॉलीबॉल की खेल बंद हो चुकी है, संपर्क करने व एक जिले स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करने पर सर्वसम्मति राय से सहमति प्रदान किया गया। उक्त बैठक में डॉ एके श्रीवास्तव, प्रमुख संरक्षक रवेल सिंह, संरक्षक विष्णु पाण्डेय, पवन यद्दु, चुनवा खान, सलाहकार कैलाश चंद्रवंशी, संदीप चौबे, अतुल देशलहरा, विनोद चंद्रवंशी, आदित्य श्रीवास्तव, विजय चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, साजिद खान, चंद्रकांत तिवारी, केवल चंद्रवंशी, कपिल चंद्रवंशी, जगतारण झारिया, आशीष तिवारी, मिथिलेश चंद्रवंशी, राजेश धुर्वे, हरेंद्र चंद्राकर, दद्दू चंद्रवंशी, राजू सोनवानी, अभिषेक चंद्रवंशी, तस्लीम आरिफ, चेतक नाथ योगी उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन कैलाश चंद्रवंशी संगठन सचिव द्वारा किया गया।

## समर कैंप का तीसरा दिन छात्र छात्राओं के लिए रहा रोचक



**हरिभूमि पिपरिया।** पीएम श्री सेजेस पिपरिया में 10 दिवसीय समर कैंप का प्रारंभ किया गया है। इसी बीच रविवार को समर कैंप के तीसरे दिन स्कूली छात्र छात्राओं को योगा, जुंबा, डांस, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी विषयों पर बड़े ही सरल तथा प्रभावी ढंग से जानकारी देकर सिखाने के साथ ही साथ अन्य विषयों पर भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में जानकारी देकर सिखाया गया, जिससे स्कूली बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला जिनका उपयोग वे सभी अपने जीवन में करके लाभ उठा सकते है, इस समर कैंप के तीसरे दिन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में दूजराम साहू, विमल कुंभकार, विक्रम साहू, टोकेश्वर कोशले थे। जिस पर प्राचार्य सतीश बंजारे, शिक्षक-शिक्षिकाएं भूपेंद्र गढ़े, राहुल, अमन लहरें, लोकेश्वरी साहू, पूर्णिमा चंद्रवंशी, प्रिया चंद्रवंशी, तृप्ति सिन्हा, पूनम चंद्राकर, लक्ष्मी ठाकुर तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थे, साथ ही साथ इस समर कैंप के कोऑर्डिनेटर विनोद चंद्रवंशी (वरिष्ठ व्याख्याता) के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकाने पर हमला कर आतंक के खिलाफ अभियान चलाया

# सेना का सम्मान राष्ट्र की पहचान, देश के सैनिकों का शौर्य हमारा गौरव: घुरूवा राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



नगर पंचायत पिपरिया में पहलगाम हमले में आतंकवादियों द्वारा आम नागरिकों की निर्मम हत्या करने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए तत्परता के साथ पाकिस्तानी आतंकियों के विरूद्ध आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकाने पर हमला कर आतंक के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें कुख्यात आतंकी धूलधुसित हो गए। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित और समृद्ध राष्ट्र है। जिसमें आतंकवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। तिरंगा यात्रा का आयोजन नपं अध्यक्ष घुरूवा राम साहू की अगुवाई में नगर पंचायत कार्यालय से भारत माता चौक पहुंच कर मां भारती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर यात्रा बड़े बाजार की ओर अग्रसर हुए तथा बड़े बाजार में स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति एवं यात्रा छोटे बाजार पहुंचने पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर अध्यक्ष द्वारा माल्यार्पण करते हुए यात्रा छोटे बाजार होते हुए वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई चौक पहुंचकर वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति पर लोकेश साहू द्वारा माल्यार्पण करने के पश्चात यात्रा पुनः एक बार फिर गुरु घासीदास चौक पहुंच कर संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के मूर्ति पर नंदा पाटिला द्वारा माल्यार्पण कर यात्रा पुनःकार्यालय नगर पंचायत पिपरिया के लिए रवाना होते हुए तिरंगा चौक पहुंचकर वीर शहीदों को नमन किया गया। तत्पश्चात तिरंगा यात्रा अपने समापन की ओर अग्रसर होते हुए कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया में समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नपं अध्यक्ष श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आतंकियों ने पहलगाम हमले में आम नागरिकों की निर्मम हत्या करने पर भारत के सैनिकों द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकियों का विनाश किया गया तथा भविष्य में ऐसे कदम उठाने से पहले सौ बार सोचना होगा। उन्होने आगे कहा कि सेना का सम्मान राष्ट्र की पहचान देश के सैनिकों का शौर्य हमारे लिए गौरव की बात है, हमें इसके लिए सैनिकों को कोटिशः नमन करते है। नगर में तिरंगा यात्रा के दौरान 21 फीट लंबे तिरंगे झंडे लोगों के बीच कौतुहल के विषय बने रहे तथा लोगों में देशभक्ति के रंगों में सराबोर के साथ-साथ हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। उक्त यात्रा में नगर के वार्ड पार्षदों, आम नागरिकों, वरिष्ठ बुद्धजीवियों, स्वच्छता दीदियों के अलावा निकाय के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।